# हरिभूमि

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024






SHUBH
Dhanteras
ASHA BUILDCON
K.L.SAHU
फायदे का सौदा
विकसित प्लॉट
किफायती दाम
PROJECT BY.. MAKER BUILDERS & DEVELOPERS
ASHA
PRIDE CITY
PCGRERA 121021001281
BOOK
NOW!
APPROVED RERA APPROVED TNC APPROVED
अपना मकान, अपना प्लॉट,
अपने बजट में...
BANK FINANCE AVAILABLE
LIMITED OFFER
हर रजिस्ट्रेशन पर निश्चित उपहार
फ्री मेंटेनेंस चार्ज 1 साल के लिए
महिला के नाम पर रजिस्ट्रेशन करवाने पर स्पेशल गिफ्ट
*T&C APPLY
FACILITIES
Rcc Road
Community Hall
Covered Campus
24x7 Water Supply
Land Scape Garden
Children Play Garden
Decorative Street Light
Underground Electricity Fitting
Water Tank 1 Lakh Ltr. Over Head
Underground Drainage & Sewerage
A Project By
MAKER BUILDERS & DEVELOPERS
Amleshwar, Patan Road, Raipur (C.G.)
9827116968, 9898003682

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

तापमान

अधिकतम 31.9 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

14 भरे त्योहारी सीजन में बाजार से ट्रैफिक पुलिस नदारद...



14 स्पॉट बिलिंग कर्मियों ने की समायोजन की मांग, इसे...



# 2 दिन बाद ब्लॉक हो जाएगी नवीनीकरण की आईडी, इसके बाद छूटे धारकों को नए सिरे से बनाना होगा राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राशन कार्ड नवीनीकरण की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर है। इसके दूसरे दिन 1 नवंबर से नवीनीकरण की आईडी ब्लॉक हो जाएगी, जिसके बाद नवीनीकरण नहीं हो पाएगा। इसके बाद छूटे कार्ड धारकों को नया कार्ड बनाने के लिए नये सिरे से आवेदन करना होगा, जिसके कारण धारक को नया कार्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया से दोबारा गुजरना होगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार नवीनीकरण कराने से छूटे कार्ड ▶▶|शेष पेज 14 पर

### प्रदेश में 4 लाख से ज्यादा धारकों ने नहीं कराया नवीनीकरण

राज्य में 76 लाख 8 हजार 508 राशन कार्ड धारक है, जिनमें से अब तक 71 लाख 80 हजार 647 कार्ड धारक अपना नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन कर चुके हैं। इनमें 70 लाख 94 हजार 881 धारकों के नए कार्ड प्रिंट भी हो चुके हैं, वहीं शेष 4 लाख 27 हजार 883 धारकों ने अब तक आवेदन नहीं किया है। इस तरह राज्य में 94.38 प्रतिशत धारकों का नवीनीकरण हो चुका है।

### राशन कार्ड नवीनीकरण की 31 अक्टूबर को अंतिम तारीख



### 2 दिन बाद ब्लॉक हो जाएगी आईडी

नवीनीकरण के लिए आवेदन 31 अक्टूबर तक किया जा सकता है। एक नवंबर से नवीनीकरण की आईडी ब्लॉक हो जाएगी। इससे बाद पुराने कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पाएगा। धारक को कार्ड बनाने के लिए नये सिरे से आवेदन करना होगा।

- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### रायपुर में 64880 धारकों ने अब तक नहीं किया आवेदन

रायपुर जिले में भी 5 लाख 97 हजार 121 कार्ड धारक है। इनमें से 5 लाख 32 हजार 441 धारकों ने नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन कर चुके हैं, जिनमें से 5 लाख 23 हजार 567 धारकों के नए कार्ड प्रिंट हो चुके है। इस प्रकार जिले में 89.17 प्रतिशत नवीनीकरण का काम हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा 50 हजार की चोरी

**रायपुर।** आरंग थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 10 हजार रुपए सहित 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रसनी निवासी राजकुमार चंद्राकर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजकुमार ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार सुबह कृषि कार्य के लिए खेत गया था। उसकी पत्नी तथा बेटी घर में लगे दरवाजे का सांकल लगाकर नहाने तालाब गए थे। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखी नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर गया।

### कामगार नेता के साथ गाली-गलौज, धमकी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव ने एक युवक के खिलाफ मोबाइल से कॉल कर गाली-गलौज करने तथा परिवार को जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सिमरन सिटी, मठपुरैना निवासी सैय्यद तहजीबुल हसन आबिदी ने महासमुंद, सरायपाली निवासी आदिल आमन के खिलाफ धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है।

### भीड़ में यात्रियों को दुर्घटना से बचाने स्टेशन में आरपीएफ ने तैनात किए अतिरिक्त जवान

# स्टेशन की भीड़ संभालने अब प्लेटफार्म पर ज्यादा जवान तैनात, बुजुर्गों के बने मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

दीपावली के करीब आते ही ट्रेनों और प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ने लगी है। अब आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित करने अतिरिक्ति बल लगाया है, जो यात्रियों को भीड़ के दौरान ट्रेन में चढ़ने व उतरने में मदद कर रहे हैं। मुंबई में भगदड़ के बाद हरिभूमि ने रायपुर में हालत बिगड़ने को लेकर खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद आरपीएफ ने अतिरिक्त बल प्रत्येक प्लेटफार्म पर तैनात किया है। सोमवार को रात्रिकालीन जवान प्लेटफार्म पर ट्रेन के आने के बाद यात्रियों को निगरानी करते नजर आए। भीड़ के कारण जिन बुजुर्गों को ट्रेन में चढ़ने दिक्कत हो रही थी, उन्हें आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन में चढ़ने और उतरने में भी मदद की। प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि स्टेशन में अनाउंसमेंट के जरिए अब यात्रियों को जागरूक किया जा रहा, ताकि एक जगह पर यात्री एकत्रित न हों और जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ते समय यात्री गिर न जाएं।

### अब अनाउंसमेंट के जरिए यात्रियों को कर रहे जागरूक



#### चोरों को पकड़ने विशेष अभियान

दीवापली पर भीड़ बढ़ने से स्टेशन में चोरी के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसे लेकर अब रायपुर में प्लेटफार्म पर यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं कि फोन में चार्जिंग में डालकर न सोएं। सीसीटीवी की मदद से चोरों की पहचान कर पकड़ा जा रहा है। ट्रेन के भीतर भी स्काउटिंग कर रहे जवान भी यात्रियों को सामान की सुरक्षा करने को लेकर जागरूक कर रहे हैं।



#### चेन पुलिंग के मामले में आई कमी

पहले एक प्लेटफार्म पर एक ही जवान को तैनात किया जाता था, लेकिन भीड़ से यात्रियों को बचाने और व्यवस्था को सुधारने के लिए 6 से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़े होने के बाद रवाना होने तक आरपीएफ के जवान यात्रियों पर निगरानी रख रहे हैं, ताकि कोई भी यात्री जल्दबाजी के चक्कर में अपनी जिंदगी को खतरे में न डाले। ट्रेन के आने से पहले ही प्लेटफार्म पर भीड़ कम किया जा रहा है, ताकि यात्री को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। अतिरिक्त जवानों की तैनाती से अब चेन पुलिंग के मामले में कमी आई है। ट्रेन के भीतर जवान यात्रियों की समस्या दूर कर रहे हैं।

## नौकरी दिलाने का झांसा ढाई लाख ठगे, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरस्वती नगर पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपए ठगी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आमोस मसीह की शिकायत पर पुलिस ने दुर्ग निवासी भवानी शंकर तिवारी को गिरफ्तार किया है।



आमोस ने पुलिस को बताया कि भवानी शंकर ने वर्ष 2022 में उसे जल संसाधन विभाग में नौकरी लगवाने का झंसा देकर ठगी का शिकार बनाया था।

## दो रेस्टोरेंट पर निगम की दबिश ठोका सात हजार का जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सड्डू मोवा मार्ग पर संचालित ग्वाला रेस्टोरेंट और कचना मार्ग शंकर नगर स्थित देलही स्वीट्स दुकान में गंदगी और अपशिष्ठ मिष्ठान मिलने पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। निगम जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडेय ने बताया कि ग्वाला रेस्टोरेंट और देलही स्वीट्स दुकान के खिलाफ शिकायत मिली थी कि इन दुकानों में अपशिष्ठ मिठाई बेची जा रही है, साथ ही इन दुकानों में गंदगी भी रहती है।



इस शिकायत पर स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी के नेतृत्व में टीम ने इन दोनों दुकानों की आकस्मिक जांच की। अधिकारियों ने इस मामले में देलही स्वीट्स संचालक पर 5 हजार रुपए एवं ग्वाला रेस्टोरेंट के संचालक पर 2 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

## तहसील कार्यालय के लिपिक ने लगाई फांसी, अफसरों पर प्रताड़ना का आरोप

- डिप्टी कलेक्टर रैंक के तीन अफसर स्टेनो पर प्रताड़ना के आरोप
- परिजनों ने पुलिस कार्रवाई की वीडियोग्राफी करवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में तहसील कार्यालय के एक लिपिक ने सोमवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस तथा परिजनों को घटना की जानकारी दोपहर 12 बजे के करीब मिली। मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें मृतक ने तीन डिप्टी कलेक्टर रैंक के अफसर तथा एक स्टेनो पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

पुलिस मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। मृतक का मंगलवार को एम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक बंधवापारा निवासी प्रदीप उपाध्याय ने अपने घर के दूसरे माले के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी ▶▶|शेष पेज 14 पर

#### इंप्रेशन खराब करने का आरोप

प्रदीप ने जो सुसाइड नोट लिखा है, उसमें उसने तीन डिप्टी कलेक्टर रैंक के अफसर पर जानबूझकर उसके ईगो हर्ट करने तथा कलेक्टर के सामने इंप्रेशन खराब करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही प्रदीप ने स्टेनो के खिलाफ अफसर के पास उसकी झूठी शिकायत करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची, तो परिजनों ने कार्रवाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए एक निजी वीडियो ग्राफर से पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई है।

## कंटेनर में सेनेटरी सामान के साथ शराब तस्करी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली पूर्व तस्करी के माध्यम से खपाने के लिए लाई गई हरियाणा निर्मित अलग-अलग चर्चित ब्रांड की 462 पेटी शराब खमतराई पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने जब्त की है। जब्त शराब कंटेनर में सेनेटरी सामान के साथ छिपा कर लाई गई थी। पुलिस ने यह शराब रावणभाठा ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग में जब्त की है। पुलिस ने जब्त शराब तथा ▶▶|शेष पेज 14 पर



- पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा

## दंतेवाड़ा में बिगड़ी मोतियाबिंद की सर्जरी, 12वां मरीज भी पहुंचा आंबेडकर अस्पताल, रोशनी लौटने पर संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद की सर्जरी में लापरवाही का शिकार हुआ 12वां मरीज भी आंबेडकर अस्पताल पहुंच गया है। सर्जरी के बाद विशेष वार्ड में उनकी निगरानी की जा रही है। कुछ प्रभावित मरीजों की आंखों की रोशनी लौटेगी अथवा नहीं, इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है। दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद सर्जरी के बाद आंखों में हुए संक्रमण के बाद कई मरीजों की रोशनी जाने का खतरा बना ▶▶|शेष पेज 14 पर

### शिकायतों के हिसाब से आवश्यक उपचार जारी, विशेष वार्ड में निगरानी



#### ओटी मेंटेनेंस में लापरवाही

सूत्रों के मुताबिक मोतियाबिंद सर्जरी के बाद मरीजों को होने वाले साइड इफेक्ट की वजह ऑपरेशन थियेटर के रखरखाव की लापरवाही को माना जा रहा है। इस मामले में अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल एजेंसी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। जो बात सामने आ रही है, उसके अनुसार ऑपरेशन थियेटर काफी दिनों से बंद था और बिना कल्चर टेस्ट किए मरीजों की सर्जरी कर दी गई। ऑपरेशन थियेटर में फैला संक्रमण ऑपरेशन कराने वाले मरीजों तक पहुंच गया।

## दिवाली पर छाए रहेंगे बादल बस्तर में हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ओडिशा के ऊपर चक्रवाती घेरा, खाड़ी से आ रही नमी

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और ओडिशा के ऊपर बने चक्रवाती घेरे के प्रभाव से इस बार दिवाली का त्योहार बादल और हल्की बारिश के बीच मनाया जाएगा। बादलों की वजह से दिन में तेज धूप से राहत मिली है, वहीं तापमान ज्यादा होने के बाद भी राहत बनी हुई है।

रायपुर समेत प्रदेश पिछले दो-तीन दिनों से बादल छाए हुए हैं, वहीं हवा की गति भी सामान्य से ज्यादा है। इसके प्रभाव से दिन के मौसम में ठंडक है और धूप का प्रभाव महसूस नहीं हो रहा है। सोमवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तटीय ओडिशा के ऊपर हवा का एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। साथ ही बंगाल की खाड़ी ने नियमित रूप से नमी का आगमन हो रहा है। इसके असर से राजधानी में दिन का अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच अटका हुआ है, मगर रात का पारा करीब पांच डिग्री ज्यादा होकर 24.6 तक पहुंच चुका है। अनुमान है कि अगले तीन से चार दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, जिसकी वजह से दिवाली बादल और बस्तर के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के बीच बीतने का अनुमान है।





## आयुर्वेद के देव धनवंतरि... इलाज से पहले शिक्षक व विद्यार्थी लेते हैं आशीष



आयुष विवि

**रायपुर।** आयुर्वेद के देवता धनवंतरि की प्रतिमा आयुष विश्वविद्यालय और आयुर्वेद महाविद्यालय में स्थापित है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी ही नहीं बल्कि शिक्षक एवं डाक्टर भी सिर झुकाने और आशीष लेने के बाद ही इलाज और पढ़ाई शुरू करते हैं। यहां रोज आयुर्वेद के देवता की पूजा होती है। खास मौके पर यहां विधि-विधान से नियम का पालन करते हुए विशेष पूजन संग रंगोली भी सजाई जाती है। धनतेरस के मौके पर दोनों जगह अलग-अलग समय में पूजा के बाद दीयों की श्रृंखला भी सजती है। दोनों ही मूर्तियों को कांसे के रंग से अलग स्वरूप दिया गया है। जीई रोड स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज में 9 साल पहले धनवंतरि की प्रतिमा स्थापित की गई थी। तब से आज तक कॉलेज छात्र हो या शिक्षक भगवान धनवंतरि की प्रतिमा के सामने शीश नवाने के बाद ही पढ़ने-पढ़ाने व इलाज का क्रम शुरू करते हैं। कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर संजय शुक्ला ने बताया कि आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरि की प्रतिमा को 2015 में विधिवत स्थापित किया गया। इसके साथ शुरू हुई पूजा के बाद इलाज व पढ़ाई का क्रम शुरू होता है। स्थापित मूर्ति आरसीसी स्टैक्चर होने के साथ ही करीब 8 फीट ऊंची है। इसे कांसे के कलर से संवारा गया है, जो भगवान धनवंतरी का मूल स्वरूप होता है। आयुर्वेदिक कॉलेज में मूर्ति को प्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री जे.नेल्सन ने आकार दिया है।

### बेहतर स्वास्थ्य और औषधि ज्ञान की कामना

कॉलेज के प्रोफेसर और कर्मचारी ही नहीं विद्यार्थी भी यहां शीश नवाकर काम शुरू करते हैं। लोग साल में एक बार धनवंतरि की पूजा करके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हैं। वहीं, कॉलेज की छात्र-छात्राएं रोज पूजा करके भगवान से मांगते हैं कि उन्हें औषधि का बेहतर ज्ञान दें, ताकि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद ताउम्र लोगों की बेहतर सेवा कर सकें। धनतेरस के दिन आज सुबह 8 बजे विधि-विधान से पूजा की जाएगी। इसके साथ ही 101 दीपों की श्रृंखला और रंगोली विद्यार्थियों द्वारा सजाई जाएगी।



आयुर्वेद महाविद्यालय

शहर के आयुर्वेदिक कॉलेज व आयुष विवि में स्थापित है प्रतिमा, यहां रोज होती है पूजा

### हाथों में आयुर्वेद और अमृत कलश

आयुष के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुपर्ण सेन गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय कैंपस में जो लोग भी आते हैं, वे आयुर्वेद के देवता से आशीष लेते हैं। मंगलवार को धनतेरस के मौके पर दोपहर में विधि-विधान से परंपरा के अनुसार चिकित्सा के देवता की पूजा-अर्चना की जाएगी। उनके एक हाथ में शंख, दूसरे हाथ में औषधि, तीसरे हाथ में आयुर्वेद और चौथे हाथ में अमृत कलश है। इनकी पूजा करने वालों को स्वास्थ्य और निरोगी जीवन प्राप्त होता है।

सराफा सहित प्रत्येक सेक्टर में जमकर बूम, मध्यरात्रि तक होती रही खरीदी, सजते रहे दुकान

# धनतेरस से पहले ही बरसा धन, कल तड़के तक शुभ मुहूर्त, इसलिए मध्यरात्रि बाद भी खुला रहेगा बाजार

राजधानी में दीपावली के अवसर पर चारों तरफ बाजार गुलजार है। धनतेरस के पूर्व सोमवार को सभी सेक्टर में जमकर धन बरसा। गोलबाजार के साथ ही शहर के अन्य बाजारों में भी सुबह से रात तक खरीदारों की भीड़ रही। सर्वाधिक भीड़ सराफा बाजार में देखने को मिली। आज सभी वर्ग के लोग धनतेरस के शुभ अवसर पर सोना और चांदी की खरीदारी करने बाजार पहुंचेंगे। दिनभर शुभ मुहूर्त होने से देर रात तक बाजार में भीड़ देखने को मिलेगी। सोमवार को भी दुकानों में भारी भीड़ होने के कारण लोगों को एक से दो घंटे तक खरीदारी के लिए इंतजार करना पड़ा।

**रायपुर।** धनतेरस पर सोने-चांदी के सिक्के, बर्तन के अलावा भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की मूर्ति व पूजा में उपयोग होने वाले दीये, थाली समेत घंटी की बिक्री अधिक हुई। सराफा एसोसिएशन के व्यापारियों ने बताया कि सोने और चांदी की बिक्री पिछले साल से 25 प्रतिशत अधिक है। भीड़ इतनी रही कि कई ग्राहक लौट गए। इस वजह से शाम से देर रात तक की भीड़ सुबह और दोपहर की तुलना अधिक रही। ज्यादातर लोगों ने 50 हजार से 2 लाख तक सोने की अंगूठी व अन्य गहने खरीदे।



धनतेरस में 80 करोड़ से अधिक कारोबार की उम्मीद



सराफा बाजार से लेकर बर्तन बाजार, एमजी रोड, मालवीय रोड सहित शहर के हर बाजार में खरीदी करने निकले लोगों की भीड़ नजर आई। दुकानों में दीपावली को लेकर सराफा बाजार की दुकानों में खास सजावट की गई। सदर बाजार के ज्वेलरी शोरूम के बाहर खरीदार दुकानों में दाखिल होने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। सराफा कारोबारियों का कहना है कि आज शहर में धनतेरस पर करीब 80 करोड़ रुपए के सोने और चांदी के गहने, सिक्के और बर्तन आदि बिकने का अनुमान है। बीते सप्ताह भर से चांदी की खरीदारी ज्यादा हुई। ऐसे तमाम लोगों ने, जिनके परिवार में आने वाले दिनों में विवाह है, उन्होंने अच्छा दिन और मुहूर्त होने के चलते इसी दिन ज्वेलरी खरीदी और पहले से बुक गहने लेने की तैयारी की है।



### पूजा के लिए मां लक्ष्मी की छोटी मूर्तियों की मांग

कुम्हार मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की आधे फीट से 1.5 फीट तक की मिट्टी की प्रतिमा भी बनाई गई है। वहीं इससे बड़ी प्रतिमा केवल ऑर्डर पर ही बनाए गए हैं। दिवाली के दिन पूजा के लिए ग्वालिन की 7,9 व 13 दीए वाली मूर्ति की मांग अधिक रहती है। इसे भी कुम्हारों ने बना लिया है। बाजार में मूर्तियां आ गई हैं। हर साल की तरह इस साल भी बाजार में कोलकाता और राजस्थान से रंग-बिरंगे व फैंसी दीए आ गए हैं।

### माता की चुनरी और कपूर के बढ़े दाम

गोलबाजार में माता लक्ष्मी की चुनरी की कीमत 10 रुपए से लेकर 100 रुपए तक है, परंतु ज्यादातर लोग 30 से 50 रुपए तक की ही चुनरी खरीद रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा 10 प्रतिशत महंगा हुआ है। पूजन सामग्री में रोली, सुपारी, मौली, जनेऊ, चंदन, खोपरा गोला, इत्र, रुई बत्ती, लौंग, इलायची, अक्षत आदि के दाम भी पिछले साल की अपेक्षा 30 प्रतिशत तक बढ़े हैं। हवन सामग्री का रेट 180 से 250 रुपए किलो तक है। पिछले साल हवन सामग्री 100 रुपए से 120 रुपए तक बिकी थी। पिछले साल के मुकाबले इसमें बढ़ोतरी हुई है।

सिटी लाइव

## 'माटीकला' में दिखा वन्यप्रेम



**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी में एक अनूठी माटीकला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकार विष्णु देवांगन ने बच्चों को वन्यजीवों की मिट्टी की आकृतियां बनाने की कला सिखाई। कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न वन्यजीवों जैसे हाथी, शेर की मूर्तियों का निर्माण किया और इस गतिविधि के माध्यम से उन्हें वन्यजीव संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। बच्चों व पर्यटकों को न केवल माटीकला के बुनियादी तकनीकों से परिचित कराया, बल्कि वन्यजीवों की आकृतियां बनाते समय उनमें भावनात्मक जुड़ाव भी उत्पन्न किया। कार्यशाला के समापन पर, नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने बच्चों और नागरिकों को बताया कि जंगल सफारी में प्रत्येक शनिवार और रविवार को इस प्रकार की रचनात्मक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है जिससे नागरिकों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों, को इस प्रकार की कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और बताया कि यह पहल समाज में वन्यजीव संरक्षण को प्रोत्साहित करने का एक प्रभावी माध्यम है।



### रन फॉर यूनिटी आज

**रायपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन तेलीबांधा तालाब से 29 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगे। यह दौड़ सुबह 7 बजे से तेलीबांधा तालाब से प्रारंभ होकर गौरेया चौक में समाप्त होगी। 31 अक्टूबर को दीवाली होने के कारण इस बार 29 अक्टूबर को यह आयोजन किया जा रहा है। सीएम ने कहा, यह आयोजन हम सबको अपने देश की विविधताओं में एकता का महत्व समझाता है और हमें एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी में भाग लेकर हम सभी एकजुटता, अखंडता और अपने राष्ट्र के प्रति असीम श्रद्धा को प्रदर्शित करें।

## मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में छात्र बने विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, नीतियों पर रखे विचार, ग्लोबल समस्या पर सुझाव

**रायपुर।** डीपीएस स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, एमयूएन का आयोजन किया गया। विशेष कार्यक्रम में बच्चों ने हिस्सा लेते हुए विभिन्न देशों के प्रतिनिधि के रूप में भूमिका निभाई। संयुक्त राष्ट्र की बैठक में छात्रों ने पोर्टफोलियो से जुड़ी नीतियों के साथ वास्तविक दुनिया के मुद्दों पर समाधान करने चर्चा की। प्रतिनिधि के रूप में छात्रों ने विभिन्न समस्याओं पर सुझाव भी दिए। इस दौरान छात्र अपने देश के नवाचार से जुड़ी जानकारी भी दी, जिससे ग्लोबल समस्या को दूर किया जा सके।

प्रतिनिधि बनकर पहुंचे छात्र, पोर्टफोलियो से जुड़ी नीतियों पर विचार-विमर्श



### जागरूक हैं छात्र

*प्राचार्य रघुनाथ मुखर्जी ने विजेताओं को सम्मानित किया। आयोजन के जरिए संदेश दिया कि युवा पीढ़ी और छात्र दुनिया के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक माहौल के बारे में बहुत जागरूक हैं। उनके संचार कौशल, विश्लेषणात्मक समझ और आलोचनात्मक सोच को समझना आवश्यक है।*

### 250 से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल

मॉडल यूनाइटेड नेशंस संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के शुरुआत में छात्रों द्वारा संगीत और नृत्य की मनामोहक प्रस्तुति दी गई। इस वर्ष डीपीएसआरएमयूएन में पांच समितियां थी, जिसमें लोकसभा, यूनेस्को, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन, यूएनईपी, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, हैरी पॉटर और आईपी, अंतर्राष्ट्रीय प्रेस के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल थे। आईपी का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार आयोजित कर लेखों को संपादित किया। समिति के बहस की जांच और हड़ताली सवालों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को कवर किया। लोकसभा, यूनेस्को, यूएनईपी, हैरी पॉटर जैसी विभिन्न समितियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य से संबंधित मुद्दों से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की।

## बुजुर्गों संग बनाई रंगोली

**रायपुर।** इस दीवाली, समाज के वरिष्ठजनों के जीवन में खुशी और आशा की किरण लाने के उद्देश्य से हेल्पेज इंडिया द्वारा 'सब की दीवाली' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को 3 बजे आश्रय वृद्धाश्रम, श्याम नगर में किया गया, जहां वरिष्ठजनों के साथ मिलकर दीवाली की खुशियों का आदान-प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर हेल्पेज इंडिया की ब्रांड एंबेसडर शर्मिला टैगोर का एक विशेष वीडियो मैसेज प्रस्तुत किया। इसके जरिए संदेश दिया गया कि किसी वरिष्ठ नागरिक के लिए रोशनी बनें और बदलाव लाएं।



### म्यूजिकल गेम्स में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के साथ मिलकर युवाओं ने रंगोली बनाई, दीयों की जगमगाहट से पूरा वृद्धाश्रम जगमगाने लगा। बॉलिंग गेम एवं म्यूजिकल गेम्स के माध्यम से सभी को उत्साह से भर दिया। यह आयोजन वरिष्ठजनों के लिए न केवल एक त्यौहार था, बल्कि उनके जीवन में खुशियों का नया अनुभव भी था। हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास, वृद्धाश्रम के सभी निवासी, हेल्पेज इंडिया के स्टॉफ, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थी और सहित 50 से अधिक लोग इस आयोजन में शामिल हुए।


रेल मंडल के वैगन रिपेयर शॉप में वेस्ट टू आर्ट कला प्रदर्शनी का आयोजन

कार्नर न्यूज

## एक टन वेस्ट स्क्रैप से तैयार की 12.5 फीट ऊंची गणपति प्रतिमा, नट बोल्ट व स्प्रिंग से खड़ा किया गेटवे ऑफ इंडिया

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में वैगन रिपेयर शॉप पर वेस्ट मटेरियल से आर्ट स्वच्छता अभियान 4.0 स्क्रैप आइटम से बने विशालकाय स्टैच्यू प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह विशेष आकृति लोहे के कबाड़ से बनाई गई है। प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र गणपति जी की 12.5 फीट ऊंची व 8 फीट चौड़ी विशालकाय मूर्ति रही। यह प्रतिमा भी रेल के खराब हो चुके पाट्र्स से तैयार की गई है। रेलवे के अनुसार, वैगन रिपेयर शॉप विभिन्न प्रकार के वैगनों में उपयोग के बाद खराब हो चुके पाट्र्स के जरिए बनाई गई है। स्क्रैप आइटम से निर्मित मछली में लॉकिंग प्लेट, स्टीफनर, प्लेट, नट बोल्ट, पाइप स्क्वायर लगाए गए हैं। इसके अलावा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व सरदार वल्लभभाई पटेल की थीडी एनीमेशन इसमें प्लेट, रोड चैनल, स्टेफनर द्वारा निर्मित किया गया है।





### वायसर और बोल्ट से प्रतिमा ने लिया आकार

रेल के स्क्रैप के पाट्र्स में नट बोल्ट और अन्य लोहे के सामान से भगवान गणेश की मूर्ति को तैयार किया गया। गणपति प्रतिमा को बनाने में वैगन में लगने वाले खराब 11000 लॉकिंग प्लेट, नट, बोल्ट, वायसर, स्प्रिंग, स्क्रैप के टुकड़े चेंज ओवर सेट के पाट्र्स, डर्ट कलेक्टर का पार्ट, एंगल कॉक के पार्ट, एसएबी टॉप कैप, बोगी स्प्रिंग, एंगल कॉक, इत्यादि वैगन पाट्र्स का उपयोग किया गया है। रेलवे स्क्रैप से गणपति मूर्ति बनाने का उद्देश्य, वेस्ट टू आर्ट स्क्रैप का सुन्दर आकर्षक परिवर्तन है। मेक इन इंडिया सिंबल मेक इन इंडिया की आकृति वाइसर, प्लेट, नट बोल्ट, गेलवेनाइज्ड शीट को उपयोग करके बनाई गई है। इसमें लाइटिंग भी की गई है, जो रात्रि के समय अद्भुत छटा बिखेरती है।

### महात्मा गांधी और मेक इन इंडिया की आकृति ने खींचा ध्यान

वैगन रिपेयर शॉप में स्क्रैप का उपयोग कर गेट वे ऑफ इंडिया, गांधी जी, मेक इन इंडिया लोगो, बहुत सी सुंदर कला कृतिया बनाई गई है, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खीचा। गेट वे ऑफ इंडिया को सीसी पैड 498, ड्राफ्ट गियर, रबर पैड 630 एंड कैप 106, नट 480 लीडर नट केसिंग 20, साइड फ्रेम की 64, लॉकिंग प्लेट 3000, डीएम रिंग 901 को उपयोग करके बनाई गई है।



इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रवि निवाले, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक नीलांजन नियोगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


श्री राष्ट्रीय करणी सेना
एकीकृत राष्ट्रीय युवा संगठन भारत
समस्त प्रदेशवासियों को
धनतेरस
दीपावली
गोवर्धन पूजा
एवं
भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएँ
वीरेन्द्र सिंह तोमर
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष
करणी सेना
परिवार (छ.ग.)
आयोजक :
माँ खारुन गंगा महाआरती
महादेव घाट जनसेवा समिति
रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आश्रय वृद्धाश्रम में मनाया 'सबकी दिवाली' उत्सव

रायपुर। हेल्पेज इंडिया द्वारा श्याम नगर स्थित आश्रय वृद्धाश्रम में सोमवार को सबकी दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास, वृद्धाश्रम के सभी निवासी, हेल्पेज इंडिया के स्टॉफ, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थी और सहित 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसी दौरान वरिष्ठजनों के साथ मिलकर दिवाली की खुशियों का आदान-प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर हेल्पेज इंडिया की ब्रांड एंबेसडर शर्मिला टैगोर का एक विशेष वीडियो मैसेज प्रस्तुत किया, जिसका विषय, सबकी दीवाली किसी वरिष्ठ नागरिक के लिए रोशनी बने, बदलाव लाए। यह संदेश लोगों को प्रेरित करेगा कि वे वरिष्ठजनों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें और दिवाली के असली अर्थ को समझें। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के साथ रंगोली बनाई। दीयों की जगमगाहट से पूरा वृद्धाश्रम जगमगाने लगा और बॉलिंग गेम एवं म्यूजिकल गेम्स के माध्यम से सभी को उत्साह से भर दिया। यह आयोजन वरिष्ठजनों के लिए न केवल एक त्योहार था, बल्कि उनके जीवन में खुशियों का नया अनुभव भी था।

### दिव्यांगजनों को बांटी मिठाई, पटाखे भी दिए



रायपुर। सक्षम सेवा संस्थान द्वारा सभी दिव्यांग बंधुओं और उनके परिजनों को दिवाली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई और पटाखे उनके घर जाकर दिए। साथ ही उनकी समस्याओं की जानकारी सुनी और दिव्यांग बच्चों के साथ फूलझड़ियां जलाकर दिवाली की खुशियां मनाईं। इस मौके पर सदस्यों ने दिव्यांगजनों को होरीलाल यादव के साथ उनकी संस्था दिव्यांगजनों को दी जा रही निशुल्क कोचिंग के बारे में बात की गई। इसी प्रकार सक्षम के लगने वाले शिविर में उनके योगदान की बात की गई। इस अवसर पर अविनाश चटर्जी, सुभाष जंघेल, डॉ. संगीता कश्यप, डॉ. विनय टंडन, मधुकर राव आदि उपस्थित रहे।

### वैशाली को पीएचडी

रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी ने वैशाली



बिसेन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय अंग्रेजी, संकाय कला और मानवता तथा थीसिस का शीर्षक 'विजय तेंदुलकर और गिरीश कर्नाड के चुनिंदा नाटकों में महिला पात्रों का प्रतिनिधित्व : एक तुलनात्मक अध्ययन' था। उन्होंने अपना शोधकार्य अंग्रेजी विभाग की पर्यवेक्षक डॉ. सारिका सिन्हा के मार्गदर्शन में किया है।

### गोवर्धन पूजा पर कोषालय और बैंकों में अवकाश

रायपुर। दीपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर राज्यभर के कोषालयों और बैंकों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस आशय का आदेश सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा जारी किया गया है।


### रन फॉर यूनिटी आज

रायपुर। देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन रायपुर में तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से 29 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगें।

## निधन

### आरएस परिहार

रायपुर। कुशालपुर निवासी सहायक



पंजीयक सहकारिता विभाग के सेवानिवृत्त आरएस परिहार (86) का 28 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे जितेंद्र सिंह परिहार एवं सुरेंद्र सिंह परिहार के पिता थे।

### तीरथराम बग्गा

रायपुर। इंद्रावती कॉलोनी निवासी



तीरथराम बग्गा का 28 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजीव, प्रतीक बग्गा के पिता और नितेश मल्होत्रा के ससुर थे।

### रुक्मणि पटेल

रायपुर। आंबेडकर नगर गुढ़ियारी



निवासी रुक्मणि पटेल का 28 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अक्टूबर को कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मोतीलाल पटेल और ज्योतिलाल पटेल की माता थीं।

# करंट से हाथियों की मौत मामले में बिजली अफसर के खिलाफ पीओआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में तीन हाथी शावक, जिसमें एक एलू मदर थी की करंट से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वन अफसरों से जवाब मांगा है। हाथी शावकों की मौत मामले में रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने एक डिप्टी रेंजर तथा एक फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। इसके ही मामले की गंभीरता को देखते हुए वन डीएफओ के निर्देश पर बिजली विभाग के एक जेई तथा अन्य के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह घरघोड़ा में तीन हाथी शावकों की 11 केवी लाइन के चपेट में आने से मौत हुई थी। 11 केवी वायर के टूटकर गिरने से हाथी शावकों की मौत हुई थी। हाथियों की मौत मामले की प्रारंभिक जांच में बिजली विभाग की लापरवाही पाई गई थी। साथ ही बिजली तार निचे लटक रहा था। इस बात की जानकारी डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड द्वारा अपने अफसरों के अलावा बिजली विभाग के अफसरों को नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक मामले की पड़ताल की जा रही है। जांच में जो लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हाईकोर्ट ने हाथी की मौत मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा

### बिजली विभाग भी हाथी अलर्ट एप में

रायगढ़ वनमंडल में एक साथ तीन हाथियों की करंट से मौत होने की घटना को वन विभाग ने भी गंभीरता से लिया है। वन मुख्यालय के निर्देश पर हाथी प्रभावित क्षेत्र में बिजली विभाग के अफसरों को हाथी अलर्ट एप में जोड़ा जाएगा। इससे हाथियों की मूवमेंट की जानकारी उन्हें भी मिलती रहे।



- करंट की चपेट में आने से एलू मदर सहित तीन हाथी शावकों की हुई थी मौत
- डिप्टी रेंजर, फारेस्ट गार्ड निलंबित

### हाईकोर्ट के संज्ञान में लेने के बाद हरकत में विभाग

हाथी शावकों की करंट से मौत मामले में हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान में लेने के बाद विभागीय अफसर मामले की जांच में तेजी लाए हैं। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक हाथियों की करंट से मौत होने की जानकारी मिलने के तत्काल बाद 26 अक्टूबर को डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने की बात कह रहे हैं।

### परिवार को साथ लेकर चलने वाली होती है एलू मदर

करंट की चपेट में आने से जिन तीन हाथियों की मौत हुई है। वो तीनों मादा हाथी है। इनमें एक ढाई साल की मादा हाथी है। मृत हाथियों में एक 12-13 साल की मादा शावक है। हाथी परिवार में मादा शावक की उम्र 12-13 साल की होती है तो वह अपने परिवार को साथ लेकर चलने के साथ हाथी परिवार में शामिल अन्य शावक हाथियों के केयर करने के साथ उनकी देख-रेख करने का काम करती है। व्यस्क होने के बाद एलू मदर हाथी परिवार की मुखिया बनती है।

## गिनती की जगहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते दिखे

# भरे त्योहारी सीजन में बाजार से ट्रैफिक पुलिस नदारद, व्यवस्था अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली पर्व को देखते हुए पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख बाजारों में निगरानी करने के साथ ट्रैफिक मैनेज करने के बड़े-बड़े दावे किए हैं। ट्रैफिक पुलिस के दावों की पड़ताल करने हरिभूमि की टीम शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की पड़ताल करने निकली, तो कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। शहर के ज्यादातर बजारों से ट्रैफिक पुलिस गायब मिली। कुछ स्थानों पर जरूर ट्रैफिक के जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते दिखे।

शहर के प्रमुख बाजारों में पुष्य नक्षत्र के बाद रविवार से भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। रविवार को अवकाश होने की वजह से शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदी करने वालों की बेतहाशा भीड़ थी। दूसरे दिन धनतेरस की पूर्व संध्या पर कमोबेश उसी तरह की भीड़ देखने को मिली। इधर ट्रैफिक पुलिस धनतरेस के पूर्व ही बाजार में जाम लगने से मुक्ति दिलाने उपाय करने का दावा कर रही थी।

### जयस्तंभ चौक - शाम 4 बजे

जयस्तंभ चौक पर शाम चार बजे ट्रैफिक सिग्नल के माध्यम से ट्रैफिक कंट्रोल किया जा रहा था। चौक पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने की वजह से चौक पर एक ट्रैफिक जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते दिखा। शारदा चौक से फूल चौक मार्ग संकरा होने की वजह से इस मार्ग पर ट्रैफिक जवान ट्रैफिक व्यवस्था संभालते दिखे।

### हरिभूमि की टीम ने बाजार का जायजा लिया तो पाया कार, ई-रिक्शा की वजह से लोग ट्रैफिक जाम में फंस रहे



### कटोरातालाब शाम 4.15 बजे

कटोरातालाब, नेताजी चौक के पास से राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान निकालने की वजह से इस मार्ग पर जाम की स्थिति रही। इस पूरे मार्ग पर एक भी ट्रैफिक पुलिस के जवान ट्रैफिक कंट्रोल करते नजर नहीं आए।

### एवरग्रीन चौक, बैजनाथपारा - शाम 4.30 बजे

एवरग्रीन चौक तथा बैजनाथपारा बाजार में शाम के समय खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ रही। इस व्यस्त बाजार में भी दुकानदार सड़कों पर सामान निकालकर बेचते दिखे, जिसमें जूता तथा कपड़ा के कारोबारी ज्यादा थे। खरीदारी करने वाले दुकान के अंदर जाने के बजाय रोड पर खड़े होकर खरीदारी कर रहे थे। इस वजह से इस मार्ग पर पैदल चलना दूभर था। इस बाजार में भी ट्रैफिक पुलिस के जवान नदारद दिखे।

### मालवीय रोड शाम 4.40 बजे

मालवीय रोड पर कहीं पर भी ट्रैफिक पुलिस के जवान नहीं दिखे। इस पूरे मार्ग पर रुक-रुककर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। मालवीय रोड पर जाम लगने का प्रमुख कारण कार तथा ई-रिक्शा है। ई-रिक्शा के चालकों द्वारा भीड़ भरे मार्ग में बीच रास्ते पर रिक्शा खड़ा कर सवारी बैठाते दिखे। कुछ इसी तरह का हाल एमजी रोड पर भी देखने को मिला।

### पुरानी बस्ती, लाखेनगर शाम 5 बजे

पुरानी बस्ती में ट्रैफिक का दबाव कम था। थाना के सामने जाम लगने की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे निपटने थाना के सामने ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। लाखेनगर जाने वाले मार्ग पर मालवीय रोड, एमजी रोड तथा कटोरातालाब की तरह भीड़ नहीं थी, लेकिन कार तथा ई-रिक्शा वालों की वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती रही।

# वन्यजीव बोर्ड का गठन तीन विधायक शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- धर्मजीत, अटामी और गोमती को शामिल किया गया

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में तीन विधायकों धर्मजीत सिंह, चैतराम अटामी, और गोमती साय को शामिल किया गया है। इनके अलावा अन्य अशासकीय संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य, ख्यातिप्राप्त संरक्षणविदों, परिस्थितिकीय एवं पर्यावरणविदों का प्रतिनिधितत्व करने वाले सदस्य, अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सदस्य शामिल किए गए हैं।

### बोर्ड में ये सदस्य शामिल होंगे

अशासकीय संगठन का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन सदस्य, जिनमें एक विश्व प्रकृति निधि, 172 बी, लोधी स्टेट नई दिल्ली की ओर से नामांकित व्यक्ति, दूसरा कन्जर्वेशन कोर सोसाइटी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की ओर से नामांकित व्यक्ति, तीसरा नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी रायपुर, छत्तीसगढ़ की ओर से नामांकित व्यक्ति। इसके अलावा ख्यातिप्राप्त संरक्षणविदों, पारिस्थितिकीविद एवं पर्यावरणविदों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों में डॉ. आरके सिंह, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ रायपुर, शिरीषचंद्र अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), छत्तीसगढ़, डॉ. एमएल नायक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, डीडीनगर, रायपुर छत्तीसगढ़, डॉ. एबी श्रीवास्तव, भूतपूर्व डायरेक्टर, स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर, मध्यप्रदेश, गौरव निहलानी, अवंति विहार, रायपुर, छत्तीसगढ़, गोपाल अग्रवाल, वन्यप्राणी विशेषज्ञ, संकल्प पर्यावरण संरक्षण समिति, कचना रायपुर, छत्तीसगढ़ प्रभात दुबे, अंबिकापुर, मोहित साहू, पक्षी विशेषज्ञ, रायपुर। अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य नीलकंठ गड़े, ममता नगर, राजनांदगांव, मंगऊ कावडे, एडका, जिला नारायणपुर, छत्तीसगढ़ शामिल किए गए हैं।

# 34 नामांकन सही, 12 प्रत्याशियों के निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 46 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की सोमवार को जांच हुई, जिसमें 34 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। 12 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए। अधिकतर प्रत्याशियों को शपथ अपूर्ण एवं नोटिस जारी करने के बाद संशोधित शपथ पत्र प्रस्तुत न करने के कारण 11 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। वहीं एक प्रत्याशी का नामांकन मतदाता सूची की प्रमाणित उद्धहरण प्रस्तुत न किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया।




- कल नाम वापसी के बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची होगी जारी

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के नामांकन पर आपत्ति जताई। उनकी आपत्ति थी कि मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह पर दर्ज है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनकी शिकायत को सूची में संशोधन न होने के आधार पर अस्वीकार कर दिया।

अब नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद 30 अक्टूबर को नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

# विधायक मिश्रा ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन-4 अंतर्गत वार्ड 47 में विविध नवीन कार्यों के लिए सोमवार को भूमिपूजन किया। इस वार्ड में आंबेडकर भवन और क्रिश्चियन कॉलोनी में सीसी रोड एवं पेवर ब्लाक तथा सिविल लाइन के मुख्य मार्गों पर डामरीकरण के कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए 59 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। सिविल लाइन वार्डवासियों की सुविधा के लिए आंबेडकर भवन परिसर में पेवर ब्लाक लगाने 19 लाख 37 हजार रुपए, वार्ड के सिविल लाइन में विभिन्न मुख्य मार्गों पर सड़क डामरीकरण कार्य के लिए 20 लाख रुपए एवं क्रिश्चियन कॉलोनी में सीसी रोड एवं पेवर ब्लाक लगाए जाने के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने इन सभी कार्यों का शुभारंभ भूमिपूजन कर किया। इस अवसर पर पार्षद नीलम नीलकंठ जगत, जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन उपस्थित थे।

# जमीन बेचने फर्जी इकरारनामा कर 41 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरोरा थाने में एक व्यक्ति ने एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ जमीन बेचने का झांसा देकर 41 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रॉपर्टी डीलर ने पीड़ित को सस्ती कीमत पर 40 एकड़ जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।



- घटना खरोरा थाना क्षेत्र का, कृषि भूमि बेचने का झांसा

पुलिस के मुताबिक, शंकर नगर, बैनियन ट्री एनक्लेव निवासी प्रवीण कुमार मलिक ने न्यू राजेंद्र नगर निवासी बृजेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि बृजेंद्र ने उसे खरोरा स्थित भटिया गांव में 40 एकड़ कृषि भूमि प्रति एकड़ नौ लाख 51 हजार रुपए में बेचने का सौदा कर ठगी का शिकार बनाया है। प्रवीण के अनुसार, बृजेंद्र ने फर्जी इकरारनामा तैयार कर जो जमीन बेचने का सौदा किया था। उस संबंध में अखबरों में विज्ञापन प्रकाशित की गई तब असल भू-स्वामी आपत्ति दर्ज कराने प्रवीण के पास पहुंचे, तब प्रवीण को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। बृजेंद्र ने प्रवीण के साथ जमीन बेचने का सौदा 2022 में किया था।

# स्पॉट बिलिंग कर्मियों ने की समायोजन की मांग, इसे पूरा करवाने 5 दिवसीय हड़ताल

- समान वेतन के लिए 5300 कर्मी करेंगे एक नवंबर से आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारियों को अब बेरोजगारी का खतरा सताने लगा है। स्मार्ट मीटर प्रीपैड सिस्टम लागू होने से 15 दिन मिलने वाला काम भी बंद होने की स्थिति में है। प्रदेशभर में 65 लाख उपभोक्ताओं के घर मीटर रीडिंग करने वालों को अब नौकरी जाने का डर है। अब 5300 कर्मियों ने विद्युत कंपनी से दूसरे कार्यों की जिम्मेदारी देने के साथ ही समान वेतन की मांग को लेकर कंपनी को ज्ञापन दिया है।

कर्मचारी संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि स्पॉट बिलिंग करने वाले कर्मियों में महिलाएं भी शामिल हैं। भविष्य में नौकरी से बाहर किया जाने का खतरा अब बड़ा रूप ले रहा है। इसे देखते हुए हमने कई बार पत्र व्यवहार और ज्ञापन के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों और सरकार को जगाने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

देवलाल पाटले, सतीश सोनबेर, बलराम साहू ने बताया कि अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो हम राज्य स्थापना दिवस के दिन से ही पांच दिवसीय काम बंद हड़ताल पर जाएंगे। इसके बाद भी हमारे साथ न्याय नहीं किया गया, तो अनिश्चित कालीन हड़ताल करने मजबूर होंगे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अफसरों के तबादले

# दुर्ग, बीरगांव, धमतरी नगर निगम आयुक्त सहित कई जिला पंचायत सीईओ बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अधिकारियों का तबादला किया गया है। जारी आदेश में इन अधिकारियों को आयुक्त नगर निगम और सीईओ जिला पंचायत के पद पर नियुक्त किया गया है। बीरगांव नगर निगम आयुक्त के पद पर युगल किशोर उर्वशा को पदस्थ किया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों के तबादला किया गया है, उनमें आशुतोष पांडेय विशेष सहायक स्वास्थ्य मंत्री को आयुक्त नगर निगम कोरबा, अश्वनी देवांगन सीईओ जिला पंचायत दुर्ग को उप सचिव मंत्रालय, लोकेश कुमार चंद्राकर आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग को उप सचिव मंत्रालय, देवनारायण कश्यप उप सचिव वन विभाग मंत्रालय को आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर, संदीप कुमार अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत कबीरधाम को सीईओ जिला पंचायत बिलासपुर, हरेश मंडावी आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर को सीईओ जिला पंचायत कांकेर, सुमीत अग्रवाल सीईओ कांकेर को आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, राजीव कुमार पांडेय अपर कलेक्टर रायगढ़ को आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई, अजय कुमार त्रिपाठी उप सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को सीईओ जिला पंचायत कबीरधाम, दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर कोरबा को सीईओ जिला पंचायत कोरबा, बजरंग कुमार दुबे अपर कलेक्टर दुर्ग को सीईओ जिला पंचायत दुर्ग, अभिषेक कुमार गुप्ता अपर आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव को अपर कलेक्टर बलौदाबाजार, प्रकाश सिंह राजपूत को, आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर को अपर कलेक्टर गरियाबंद, निर्भय कुमार साहू अपर कलेक्टर कबीरधाम को आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर, सुनील कुमार चंद्रवंशी आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ को अपर कलेक्टर बिलासपुर, विनय कुमार दीवान आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी को संयुक्त कलेक्टर धमतरी, अतुल कुमार शेटे डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को बलौदाबाजार भाटापारा, बृजेश कुमार क्षत्रिय आयुक्त नगर पालिक निगम बीरगांव को आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़, प्रिया गोयल संयुक्त कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी, युगल किशोर उर्वशा संयुक्त कलेक्टर बिलासपुर को आयुक्त नगर पालिक निगम बीरगांव, अलुत विश्वकर्मा संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव और कौशल प्रसाद तेंदूलकर प्रोजेक्ट डायरेक्टर जिला पंचायत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को संयुक्त कलेक्टर कोरबा पदस्थ किया गया है।

## पेज 11 के शेष ...

### 2 दिन बाद ब्लॉक...

धारकों को आगामी दिनों में उचित मूल्य की दुकानों से पुराने कार्ड पर राशन मिलना भी बंद हो सकता है, क्योंकि नवीनीकरण नहीं हुए कार्डों की आईडी भी आगे चलकर ई-पॉश मशीन में ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जाएगी। **तारीख बढ़ाने के बाद भी नवीनीकरण कराने रुचि नहीं ले कार्ड धारक** : नवीनीकरण की आईडी इससे पूर्व एक बार ब्लॉक हो चुकी है। इससे पूर्व नवीनीकरण कराने की अंतिम तारीख 15 अगस्त थी। इसके बाद से विभाग की ऑनलाइन साइट पर नवीनीकरण की ऑप्शन आईडी को ब्लॉक कर दिया गया है। इस आईडी के ब्लॉक होने से छूटे कार्ड धारक नवीनीकरण नहीं करा पा रहे थे। कई जिलों के विभागों से शासन को नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्तावों के आधार पर नवीनीकरण की तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई थी, लेकिन तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी कार्ड धारक नवीनीकरण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

### दंतेवाड़ा में बिगड़ी...

हुआ है। इस लापरवाही के बाद विभागीय सक्रियता दिखाते हुए ऑपरेशन करने वाली सर्जन तथा दो अन्य कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। वहीं आंखों में जलन सहित अन्य तरह की शिकायत होने वाले मरीजों को आंबेडकर अस्पताल भेजा जा रहा है। सोमवार की रात 12वां मरीज यहां पहुंचा, जिनकी सर्जरी की गई है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर द्वारा इस मामले में जारी मेडिकल बुलेटिन में बताया गया है कि मरीजों की जांच के लिए रेटिना यूनिट की डॉ. अमृता वर्मा, डॉ. संगीता ठाकुर और डॉ. प्रांजल मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है, जो आवश्यकता अनुसार मरीजों का इंट्राविकट्रीयल इंजेक्शन व विक्ट्रेक्टॉमी उपचार कर रहे हैं। बताया गया है कि सभी मरीजों की स्थिति स्थिर है एवं संक्रमण नियंत्रण में है। लापरवाही के शिकार कितने मरीजों की आंखों की रोशनी लौटेगी, इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है। अस्पताल प्रबंधन भी इस मामले में अभी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोल पा रहा है। **कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ पहुंचा अस्पताल** : कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता के नेतृत्व में डॉ. नरेन्द्र भुवाल, डा. सत्यजीत साहू सहित अन्य ने नेत्र विभाग में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से हाल-चाल जाना। डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया है कि विभागीय लापरवाही की वजह इंफेक्शन हुआ है। टार्गेट पूरा करने के दवाब में वहां के चिकित्सकीय स्टाफ ने तय मापदंड का पालन किए बिना ऑपरेशन कर डाला जिससे मरीजों की आंखों में इंफेक्शन हो गया।

### कंटेनर में सेनेटरी...

कंटेनर की कीमत 20 लाख रुपए आंकी है। पुलिस के मुताबिक शराब तस्करी करने के आरोप में हरियाणा, पलवल निवासी अनिल भारद्वाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक वाहनों की जांच की जा रही थी, इसी दौरान कंटेनर में सेनेटरी सामान की जांच की जा रही थी। कंटेनर के अंदर में अलग से कार्टून देखने के बाद जांच की गई, तो पेटियों में शराब मिली। पूछताछ में अनिल ने पुलिस को बताया कि वह हरियाणा से शराब खपाने रायपुर लेकर आया था। रायपुर में ट्रक कहां ले जाना है, इसकी जानकारी अनिल को नहीं है। अनिल ने पुलिस को बताया कि रायपुर पहुंचने के बाद उसके पास एक अन्य आदमी आता और उसके कहने पर वह संबंधित जगह पर शराब ले जाकर डंप कर हरियाणा लौट जाता।

### तहसील कार्यालय के लिपिक...

की है। पुलिस के अनुसार प्रदीप सुबह सोकर उठने के बाद फ्रेस होकर चाय पीने के बाद अपने कमरे में चला गया। सुबह 11 बजे तक प्रदीप अपने कमरे से नहीं निकला, तो उसकी पत्नी तथा बच्चे प्रदीप को बुलाने के लिए कमरा के पास पहुंचे। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी प्रदीप अपने कमरे से नहीं निकला, तो परिजनों ने खिड़की के अंदर से झांक कर देखा। वहां प्रदीप की लाश पंखे से लटकते मिली। इसके बाद परिजन आनन-फानन में डायल 112 की मदद से एंबुलेंस बुलाकर प्रदीप को अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया।

धनतेरस एवं दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

# ACME ACADEMY

## A Factory to make NITians

**India's Most Trusted MCA ENTRANCE ACADEMY**



**Tanmay Mandal**
**All India Rank - 5**
NIMCET 2022 - NIT Trichy



**Ayush Gupta** NIT Trichy
**AIR - 47 - NIMCET 2021**
Highest MCA Package in India 2023
Placed at aws at 53 Lakh Per Anum

### OUR NIMCET 2024 TOPPERS UNDER AIR 100




**19+ STUDENTS ARE UNDER AIR -100**

# 1500+

**Selections in India's Top MCA Colleges**

### Our Special Courses

1. NIMCET (NIT-MCA COMMON ENTRANCE TEST)
2. CUET (Central Universities Entrance Test)
3. BCA All Subjects
4. BSC Maths and Computer



**Director & Mentor of ACME ACADEMY**
PhD in Mathematics from NIT Raipur, MSC (Maths),
MCA from NIT Raipur
10+ Year Teaching Experience

पता : एकमे बिल्डिंग,
कोटा स्टेडियम के पीछे,
कोटा, रायपुर (छ.ग.)

Get in touch:
810-9977-628 | 951-6001-679

Visit Our Website
www.acmeacademy.in

Scan this QR to Download our Mobile App from Google Play Store

श्री गणेशाय नमः

# धनतेरस-दीपावली महाधमाका ऑफर

## पूजा मोबाईल स्टोर्स - ऑफर की दुकान

990/-* डाऊनपेमेंट
देकर कोई भी
इलेक्ट्रानिक्स प्रोडक्ट
घर ले जाएं
0%

इलेक्ट्रानिक्स
महा एक्सचेंज मेला
पुराना, टी.वी., फ्रीज,
वाशिंग मशीन लाए
नया टी.वी. फ्रीज ले जाएं
0%

मोबाईल
महा एक्सचेंज मेला
कोई भी पुराना मोबाईल लाए नया
मोबाईल 0% Interest
में घर ले जाएं
बिल बॉक्स अनिवार्य

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा लकी ड्रा ऑफर, 11 लाख के ईनाम जीतने का मौका
जिसमें आप जीत सकेंगे - 3 बाईक, 5 टी.वी., 20 स्मार्टफोन और भी बहुत कुछ*

iPhone
13 / 14 / 15 /16*
के साथ 11 गिफ्ट फ्री
2000/- Down Payment
कर 24 महीनें के EMI
में घर ले जाएं

Vivo, Oppo, Samsung,
MI, Realme
18000/- के ऊपर के सभी
मोबाईल में 6000/- *
MRP का
ट्रॉली बेग
बिल्कुल फ्री

SAMSUNG
मोबाईल
धमाका ऑफर
Upto 20000/-*
Discount
on selected Smart Phone

फ्रीज के साथ
मिक्सर
ग्राईन्डर
फ्री*

टी.वी.
के साथ
Tataplay +
3 गिफ्ट फ्री*

वासिंग मशीन
के साथ
5 गिफ्ट फ्री*

पूरे इंडिया की आई-डी में फायनेंस करेगा पूजा मोबाईल स्टोर्स
आधार कार्ड, पेन कार्ड लाये और फायनेंस कर मोबाईल, इलेक्ट्रानिक्स प्रोडक्स घर ले जाएं

BAJAJ FINSERV | IDFC FIRST Bank | TVS CREDIT | HDB FINANCIAL SERVICES | Credit Card Finance Available

नियम व शर्तें लागू

# पूजा मोबाईल स्टोर्स

- टिकरापारा, साहू कम्पलेक्स के पहले, पुराना धमतरी रोड, रायपुर
- संतोषी नगर तरूण बाजार के बाजू, रायपुर, मो. 8871533100

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024






### राजधानी में 16 एकड़ जमीन 6 साल से खाली, 320 लोगों का अटका आवास निर्माण

# शांति नगर में सिंचाई कॉलोनी की प्लानिंग रद्द, हाउसिंग बोर्ड ने नहीं बनाया नया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शांति नगर में सिंचाई विभाग की सौ साल पुरानी कॉलोनी को 6 साल पहले ढहाने के बाद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इससे 320 लोगों के लिए दोबारा कॉलोनी का निर्माण भी नहीं हुआ है। ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि पूर्व सरकार ने जिस प्लान को मंजूरी दी, उसे शुरू नहीं करवा पाया। अब नई सरकार ने पुरानी प्लानिंग को ही रद्द कर दिया। हैरानी की बात है कि बोर्ड ने अभी तक नया प्रस्ताव भी नहीं बनाया है।

राजधानी के गौरव पथ से सटी ईएसी कॉलोनी को ढहाने के बाद वहां दोबारा निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सरकार निर्णय नहीं ले पाई। पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई पहल सत्ता बदलते ही ठंडे बस्ते में चली गई है। इससे पहले हाउसिंग बोर्ड ने सिंचाई विभाग को कॉलोनी बनाकर देने के बाद करीब 16 एकड़ जमीन बचने पर हाउसिंग बोर्ड ने वहां लोगों के लिए बंगले और फ्लैट की स्कीम लांच करने वाला था। इस जमीन पर एक कमर्शियल कांप्लेक्स बनाने का प्लान तैयार किया, जो सरकार बदलते ही रद्द कर दिया गया। इतना ही नहीं प्रोजेक्ट दोबारा शुरू करना तो दूर अभी जमीन का मसौदा भी जिम्मेदार नहीं सुलझा पाए हैं।



#### ईएसी कर्मियों को नहीं मिला मकान

सिंचाई विभाग में सेवा देने वाले कर्मचारियों के लिए बनवाई गई कॉलोनी को ढहाने के बाद पूर्व सरकार ही नहीं बल्कि नई सरकार भी सुध नहीं ले रही है। इससे विभाग के जिन 320 कर्मचारियों और अधिकारियों को आवास की सुविधा मिल रही थी। वह 6 साल से लंबित होने से उन्हें किराए के मकानों में रहना पड़ रहा है। अलग-अलग क्षेत्र में मकान लेने से किराया भी ज्यादा देना पड़ रहा और सुविधा के अभाव में रहने की मजबूरी है। इसके चलते उन्हें भी अब नई कॉलोनी का इंतजार है।

#### पुरानी प्लानिंग का नहीं मिला...

हाउसिंग बोर्ड 16 एकड़ जमीन पर नए मकान व अपार्टमेंट बनाने वाला था। बोर्ड का दावा था कि प्लाट में सिंचाई विभाग को एडजस्ट करने के बाद बची हुई जमीन पर मकान बनाकर बेचा जाएगा। इससे सरकार को पांच साल पहले 137.35 करोड़ रुपए का फायदा होने का आंकलन किया। इतना ही नहीं कॉलोनी सीमा में बनवाए गए तीरथगढ़ जलप्रपात के मॉडल को भी तोड़ा गया है। अब सौ साल पुरानी कॉलोनी की जमीन जहां विरान पड़ी है, वहीं नए सिरे से प्लानिंग भी नहीं की गई है।

#### *अभी नहीं बना है नया प्रस्ताव*

*जिस जमीन की बात कर रहे हैं, वहां के लिए शासन को भेजा गया पुराना प्लान रद्द कर दिया गया है। अब निर्देश मिलने पर नए सिरे से उस जमीन के लिए प्रस्ताव बनाया जाएगा। जमीन के संदर्भ में फाइल देखकर ही पुराने निर्णय को बता पाउंगा।*

*- **संदीप साहू**, अधीक्षण अभियंता, हाउसिंग बोर्ड, रायपुर*

#### *अभी नहीं बना है नया प्रस्ताव*

*जिस जमीन की बात कर रहे हैं, वहां के लिए शासन को भेजा गया पुराना प्लान रद्द कर दिया गया है। अब निर्देश मिलने पर नए सिरे से उस जमीन के लिए प्रस्ताव बनाया जाएगा। जमीन के संदर्भ में फाइल देखकर ही पुराने निर्णय को बता पाउंगा।*

*- **संदीप साहू**, अधीक्षण अभियंता, हाउसिंग बोर्ड, रायपुर*

# सुनील सोनी के वायरल वीडियो को फेक बताते थाने में दर्ज की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को लेकर वायरल किए गए वीडियो को फेक बताते हुए सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने वीडियो को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला द्वारा दिए गए बयान पर अपनी कड़ी नाराजगी जताई है।


भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के प्रदेश संयोजक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, अजय चंद्राकर, धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में वीडियो को लेकर शिकायत करके सिविल लाइन थाना में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

#### *कांग्रेस के सुशील आनंद शुक्ला के खिलाफ एफआईआर की मांग*

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस को सौंपे अपने पत्र में कहा है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला द्वारा कांग्रेस के अधिकृत मीडिया ग्रुप में सनील सोनी को लेकर एक वीडियो जारी किया गया है। जारी वीडियो को भाजपा ने फेक बताते हुए इसको प्रत्याशी सुनील सोनी के विरुद्ध भ्रामक प्रचार बताया है। वीडियो में सुनील सोनी को एक बुजुर्ग मुस्लिम व्यक्ति से गले मिलते और उसके गालों को चूमते हुए दिखाया गया है। यह वीडियो रायपुर दक्षिण के मतदाताओं को भ्रमित करने के उद्देश्य से वीडियो में काट-छांट करके मीडिया को जारी किया, जिससे भाजपा प्रत्याशी की छवि खराब हो। ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के चरित्र पर भी गलत प्रभाव डालने की कोशिश की गई है। पत्र में कहा गया है कि सुशील आनंद शुक्ला द्वारा किया गया यह कृत्य आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है, जो गंभीर प्रकृति का अपराध है। इस मामले में श्री शुक्ला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

# 9 सदस्यीय फिल्म विकास निगम एडवाइजरी बोर्ड गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ शासन ने लंबे समय से छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं की मांग को देखते हुए फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष की घोषणा से पहले एक एडवाइजरी कमेटी बनाई है, जिसमें भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, फिल्म अभिनेता एवं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी को इस बोर्ड में सदस्य बनाया गया है। डॉ. रमन सिंह के तृतीय कार्यकाल में राजेश अवस्थी को अंतिम महीने में फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया था। उसके बाद कांग्रेस सरकार में इसमें नियुक्ति नहीं हुई थी। फिल्म निर्माताओं द्वारा लंबे समय से पुनः मांग किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस पर विचार कर नई नीति निर्धारण करने के लिए राजेश अवस्थी सहित 9 सदस्यों की यह कमेटी बनाई है। यह कमेटी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जो आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए, इस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सरकार को देगी। इसके बाद सरकार नए सुझावों को फिल्म नीति में लागू कर फिल्म विकास निगम के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी। राजेश अवस्थी छत्तीसगढ़ी एवं बॉलीवुड की फिल्मों में काफी लंबे समय से सक्रिय हैं एवं उन्होंने बतौर अभिनेता एवं लाइन प्रोड्यूसर बहुत-सी फिल्मों, धारावाहिकों एवं वेब सीरीज में काम किया है। अन्य सदस्यों में सतीश जैन, मनोज वर्मा, संतोष जैन, प्रकाश अवस्थी, योगेश अग्रवाल, राकी दासवानी, अनुपम वर्मा और पुष्पेंद्र सिंह शामिल हैं।

**कैबिनेट की बैठक में लिया गया निर्णय**

# दान और बंटवारा की रजिस्ट्री में फीस लगेगी कम

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*छत्तीसगढ़ में अब जो लोग दान की संपत्ति या अचल संपत्ति ट्रांसफर की रजिस्ट्री कराएंगे, उन्हें पहले के मुकाबले कम फीस अदा करनी पड़ेगी। यह निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। अब निर्णय का अनुमोदन कैबिनेट की बैठक में किया गया।*

*कैबिनेट की बैठक में जनहित को देखते हुए अचल सम्पत्ति के अंतरण संबंधी दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण फीस के युक्तियुक्तकरण का निर्णय लिया गया है। बताया गया है कि दान, बंटवारा और अन्य मामलों में संपत्ति के पंजीयन में स्टाम्प शुल्क के रूप में अधिक फीस लगती थी। फीस को कम किया गया है। पंजीयन संबंधी मामलों के ऐसे प्रकरणों में फीस की दर अलग-अलग निधारित थी, उसे एक समान करने का निर्णय लिया गया है। संपत्ति के पंजीयन में ऐसे मामलों की गणना अलग से की जाएगी। बैठक में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) से संबंधित रजिस्ट्रीकरण शुल्क सारणी में पुनरीक्षण संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।*



#### इन अध्यादेशों का अनुमोदन

इसी प्रकार कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम 1956 (संशोधन) अध्यादेश-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

#### धान खरीदी की स्वीकृत प्रत्याभूति राशि वैद्यता बढ़ी

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु स्वीकृत शासकीय प्रत्याभूति राशि 14 हजार 700 करोड़ रुपए की वैधता अवधि को एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2025 तक पुनवैधिकरण करने का निर्णय लिया है।

#### *उद्योगों के लिए जीएसटी में 60 से 100 फीसदी छूट*

*जीएसटी में समूह (1) से (3) तक उद्योगों के लिए 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक छूट रखी गई है। यह छूट 6 से 10 वर्ष के लिए है। स्थायी पूंजी में सामान्य उद्योगों के लिए 15 प्रतिशत अधिकतम 75 करोड़ व थ्रस्ट के लिए 30 प्रतिशत अधिकतम 150 करोड़ का अनुदान है। इसके अतिरिक्त स्टाम्प पंजीयन, मंडी, विद्युत शुल्क इत्यादि अनेक श्रेणी में शुल्क दी गई है। विशिष्ट उत्पाद हेतु स्थायी पूंजी निवेश में 35 प्रतिशत व अधिकतम 300 करोड़ की छूट है। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में अनुसंधान पर भी 3 करोड़ तक अनुदान रखा गया है। 100 करोड़ निवेश करने वाली इकाईयों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जावेगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व रोबोटिक्स उद्योग के लिए 50 प्रतिशत अधिकतम 450 करोड़ का अनुदान है। एससी, एसटी वर्ग के लिए विशेष प्रोत्साहन रखा गया है तथा 35 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक छूट रखी गई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप के लिए प्रावधान है तथा बीमार उद्योग के लिए प्रावधान है।*






JOIN US!

SPDM GURUKULL

October
25

# SPDM गुरुकुल

के वर्षगांठ पूर्ण होने के शुभ अवसर पर गुरुकुल क्लास
की लाइव सेशन शुरू हो चुका है

## समृद्धि योगा क्लास



## ध्यान और योग क्यों ?

- स्वस्थ रहने के लिए.
- रोगों से दूर रहने के लिए.
- मानसिक शांति के लिए.
- डिप्रेशन से मुक्ति के लिए.
- जीवन में खुशहाली के लिए.

Starting From
26 October 2024

SPDM MART

Timing Morning
5 to 6 am

3rd FLOOR, A-6C, Sector-8, Kamal Vihar, Raipur (C.G.)

Mobile- 97528 83579


SAI TVS
REALL WHEELS
टीवीएस किंग CNG
अब आपके शहर रायपुर में
आज ही विजिट करें साई टीवीएस पर
TVS KING DELUXE
TVS KING DURAMAX PLUS
TVS KING KARGO
टीवीएस के नवीनतम CNG ऑटो में मिलता है शानदार माइलेज, कम प्रदूषण और बेहतरीन प्रदर्शन।
Ex-showroom
2,51,488/- से शुरू
बुकिंग शुरू
SAI TVS, DEVPURI MAIN ROAD, LALPUR
+91 62620 11188


AANDRAYA ENTERPRISES
आप सभी को
धनतेरस, दीपावली की
हार्दिक शुभकामनायें
ANA
ए.एन.आटोमोबाईल
BULL
संचालक
अनुराग सेन
TPL agri BULL BACKHOE
SWARAJ 742 XT
दीपावली तक
सभी ग्राहकों के लिए
विशेष ऑफर
नया
स्वराज
मेरा
SWARAJ
MALKIT 997
MALKIT - 997
Deluxe Model
इंडिया का पहला इंटेलिजेंट हार्वेस्टर
SWARAJ 8200
Authorized Distributor:
AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Riapur-493661, Mob. 7089000180, 7089000188
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
7089000188, 9752994668



जन्मदिन की बधाई...
धनतेरस
फौलादी इरादों वाले
छगन लाल मुंदड़ा जी
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
यश-कीर्ति की आभा से दमकता रहे
आपका जीवन कर्मठ, समर्पित
व्यक्तित्व का...
आप शतायु हो-दीर्घायु हो !
ATUL PUBLICITY
प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें...
RM GROUP

## बिजनेस साइट सिटी

# धनतेरस पर यूनिवर्सल सर्विसेस में इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर

**रायपुर।** धनतेरस और दीपावली के अवसर पर सिटी कोतवाली चौंक एवं मेनरोड शंकर नगर स्थित इलेक्ट्रॉनिक आइटमों के शोरूम यूनिवर्सल सर्विसेस ने 'उत्सव के रंग यूनिवर्सल के संग' योजना शुरू की है। इस योजना के तहत ग्राहकों को आकर्षक डिस्काउंट और एक्सचेंज ऑफर मिल रहे हैं। यूनिवर्सल सर्विसेस पर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स पर 75% तक की छूट दी जा रही है और एयर कंडीशनर की कीमत 25,000 रुपए से शुरू होती है। एक्सचेंज ऑफर सभी प्रमुख कंपनियों के उत्पादों पर उपलब्ध है।

इस एक्सक्लूजिव शोरूम में विश्व प्रसिद्ध ब्रांड्स जैसे सैमसंग, एलजी, पेनासोनिक,




सोनी, आईएफबी, हायर, टीसीएल, गोदरेज, डाईकिन और कई अन्य के उत्पाद उपलब्ध हैं। यहां 40 वर्षों से अधिक समय से चल रहे इस शोरूम में एलईडी टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, माइक्रोवेव ओवन और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।

# रावणभाठा मैदान में ग्रैंड कंज्यूमर एक्सपो का समापन 3 को

**रायपुर।** शहर के नए बस स्टैंड के पास स्थित रावणभाठा मैदान में 18 अक्टूबर से चल रहे 'ग्रैंड कंज्यूमर एक्सपो' का समापन 3 नवंबर को होगा। इस एक्सपो में भारत के विभिन्न शहरों से आए हैंडलूम और हैंडीक्रॉफ्ट उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री हो रही है। विशेष आकर्षण में उत्तरप्रदेश के भदोही के सुंदर कारपेट, लखनऊ के चिकन सूट और खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साड़ियां, खुरजा की क्रॉकरी, सहारनपुर के फर्नीचर, मुंबई की फैंसी ज्वेलरी और राजस्थान की रंगबिरंगी मोजड़ियां शामिल हैं। इसके साथ ही कुछ अंतर्राष्ट्रीय स्टाल्स भी लगाए गए हैं, जहां अफगानिस्तान



के ड्राई फ्रूट्स और बांग्लादेश की जामदानी साड़ियां उपलब्ध हैं। यह प्रदर्शनी 'क्रॉफ्ट्स ऑफ इंडिया' और 'आरसी ग्रुप' द्वारा आयोजित की गई है, जिसे भारत सरकार के एमएसएमई का सहयोग प्राप्त है। जनता से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है और विभिन्न उत्पादों पर आकर्षक छूट भी दी जा रही है।

# दक्षिण का चुनाव होते ही स्मार्ट सिटी से भी मांगेंगे स्मार्ट पोल का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश के दिनों में रजबंधा मैदान, बांसटाल रोड के पास पानी भरता था। इससे आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यह समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी, इसके लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए स्वीकृत है। निगम की टीम ने बांसटाल रोड पर पानी न भरे, इसके लिए दोनों छोर पर नालों का चौड़ीकरण करके जल भराव की समस्या दूर की है। ऐसे कई काम हैं, जिसके समाधान का लोगों को विगत 5 साल इंतजार रहा, जिनका समाधान 9 महीने में किया है। यह बात सोमवार को जगन्नाथ मंदिर

> ■ उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में कहा- हम काम करेंगे



परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कही। उत्तर के चर्चित विधायक ने आगे कहा कि भाजपा कार्यालय के पास भरने वाले पानी की समस्या भी जल्द दूर होगी। शास्त्री बाजार का कुछ क्षेत्र उत्तर और दक्षिण विधानसभा में आता है, चूकि अभी दक्षिण विधान सभा में मतदान होना है। जैसे ही भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर आएंगे हम दोनों प्रतिनिधि शास्त्री बाजार की समस्या मिलकर दूर करेंगे। इस बीच सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्मार्ट पोल लगाने के नाम पर स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए खेल का हिसाब भी मांगेंगे। इसकी सुविधा कितने लोगों को मिली, इसकी जानकारी भी मांगी जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु रायपुर प्रवास के बीच प्रभु जगन्नाथ मंदिर दर्शन के लिए आई।

जगन्माथ की बहुत बड़ी भक्त है और जब ओड़िशा प्रवास पर होने से मंदिर जरुर जाती है। इसके लिए वे तीन किलोमीटर तक बिना किसी सिक्युरिटी के पैदल चलती है। इसके साथ ही वे जिस राज्य के दौरे पर होती है, वहां स्थित जगन्नाथ मंदिर जरूर जाती हैं। इसी के तहत वे गायत्री नगर में स्थित जगन्नाथ मंदिर भी आई थीं।

## किसान कल्याण फाउंडेशन का प्रतिभा रत्न सम्मान समारोह

**रायपुर।** किसान कल्याण फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के



मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और नीतिगत एकता स्थापित करना था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सत्यजीत साहू ने बताया कि फाउंडेशन अखिल भारतीय स्तर पर किसानों के हित में कार्य कर रहा है। समारोह में धरसींवा के लाल साहू, दुर्ग के जितेन वर्मा, सिमगा के महेश उपाध्याय, बालोद के आदित्य टंडन, बेमेतरा के खेदुराम बंजारे, महासमुंद के खेदुराम बंजारे, मौसम विज्ञान विभाग के सुजीत सुमेर और दंतेवाड़ा के सोनकु राम सोरी को 'कृषक रत्न सम्मान' से नवाजा गया।

## धनतेरस और दिवाली पर होंडा टू-व्हीलर वाहनों की बुकिंग में 25% की वृद्धि

**रायपुर।** इस त्योहारी मौसम में होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर की मांग में उल्लेखनीय तेजी देखी जा रही है। खासकर धनतेरस और दिवाली के मौके पर कंपनी द्वारा पेश किए गए आकर्षक ऑफर्स और फाइनेंसिंग योजनाओं ने ग्राहकों को खरीदारी के लिए प्रोत्साहित किया है। होंडा ने अपने नए मॉडल्स जैसे होंडा हॉर्नेट, एसपी 160 और सीबी200एक्स पर बेहतरीन ऑफर्स की घोषणा की है। न्यूनतम डाउन पेमेंट 10,221 रुपए से शुरू और 7.99% ब्याज दर पर फाइनेंसिंग की सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध है। इसके साथ ही ग्राहकों को 5,000 रुपए तक कैशबैक का लाभ भी दिया जा रहा है। होंडा की लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा पर भी विशेष ऑफर दिए गए हैं। यहां न्यूनतम डाउन पेमेंट 5,000 रुपए से शुरू और कैशबैक की सुविधा के साथ फाइनेंसिंग के अवसर उपलब्ध हैं।

## वस्त्रम विकास में पारिवारिक वस्त्रों का विशाल संग्रह

**रायपुर।** शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में दीपावली को देखते हुए मेन्स वियर व लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 29 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन की डिमांड को पूरा करता आया है। इसी कड़ी में दीपावली पर कई प्रकार के वस्त्रों की बेहतरीन डिजाइन एवं वैरायटीज लेकर आए हैं। पुरुषों के लिए 1599 रुपए में कुर्ता-पायजामा, स्टाइलिश जैकेट के साथ मिलेंगे। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग- शर्टिंग पर 50 प्रतिशत की छूट का ऑफर चलाया जा रहा है, जिसे ग्राहकों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। विकास की पांचों ब्रांच टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा में ऑफर समान रूप से प्रत्येक कस्टमर्स को प्रदान किए जाएंगे।

# बांडेड डाक्टरों को मिलेगा नया वेतन सुधारी गई विभागीय त्रुटि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

अगस्त में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किए गए 533 डाक्टरों को अब नया वेतन मिलेगा। पदस्थापना आदेश जारी करने के दौरान बरती गई लापरवाही को स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा सुधार लिया गया है। अनुसूचित क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवा देने वालों को अब 55 हजार के बजाए 69850 रुपए वेतन मिलेगा।

> ■ पुराने नियम के आधार पर अगस्त में हुई थी 533 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति

पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद से चिकित्सा अधिकारी इस विसंगति को सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। पिछले दिनों चिकित्सकों के संगठन ने इस मामले स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की थी, तो उन्होंने त्रुटि सुधार का आश्वासन दिया था। चिकित्सकों के संगठन ने इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री को बताया था कि विभागीय गलती की वजह से प्रत्येक


विभागीय गलती का खामियाजा भुगत रहे 533 बांडेड डॉक्टर
69 हजार के बजाय 55 हजार वेतन
हर माह 13 हजार कम वेतन

चिकित्सक को हर महीने 13 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। मंत्री के निर्देश के बाद विभागीय अधिकारी सक्रिय हुए और फाइल चली। दो दिन पहले सभी संविदा चिकित्सकों को नया वेतन दिए जाने का आदेश जारी कर दिया गया।

### तीस दिन का आकस्मिक और तीन दिन ऐच्छिक अवकाश भी

पुराने नियम के आधार पर जारी आदेश में इन चिकत्सा अधिकारियों को अवकाश के लिए 18 दिन मान्य किया जा रहा था, जबकि वर्ष 2023 जारी नए आदेश के अनुसार उन्हें तीस दिन का आकस्मिक और तीन दिन का ऐच्छिक अवकाश दिया जाना था। जारी किए गए संशोधित आदेश में इस बात का जिक्र गया है कि उन्हें वर्ष 2023 के नियम के अनुसार अवकाश प्रदान किया जाएगा।

# धनतेरस पर धनश्री ज्वेलर्स में खास ज्वेलरी कलेक्शन

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित धनश्री ज्वेलर्स ने धनतेरस और दीपावली के अवसर पर स्वर्ण, डायमंड्स और सिल्वर ज्वेलरी के लेटेस्ट कलेक्शन पेश किया है, जो समृद्धि और संस्कृति को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा ब्राइडल ज्वेलरी का लेटेस्ट कलेक्शन भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जिसमें हर अवसर के लिए विविधता मौजूद है। शोरूम के मैनेजिंग डायरेक्टर ओमप्रकाश सोनी और डायरेक्टर योगेश सोनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1991 में स्व. लक्ष्मीनारायण सोनी के मार्गदर्शन में इस प्रतिष्ठान की स्थापना की गई थी। उन्होंने ग्राहकों के विश्वास को अपनी



सफलता का आधार बताया और कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि धनश्री ज्वेलर्स में ग्राहक न केवल मनचाही डिजाइन का चयन कर सकते हैं, बल्कि उत्तम सेवा का भी अनुभव कर सकते हैं।

# गॉस मेमोरियल ग्राउंड में स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनी

**रायपुर।** गॉस मेमोरियल ग्राउंड आकाशवाणी चौक, कालीमाता मंदिर के सामने स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए बुनकर भाग ले रहे हैं, जहां खादी, कॉटन और सिल्क के कपड़े विशेष रूप से आधुनिक परिधानों को ध्यान में रखते हुए पेश किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में खुर्जा की क्रॉकरी, भदोही के कारपेट, गोरखपुर का टेराकोटा, बंगाल के ड्राई फ्लॉवर जैसे हस्तशिल्प भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, लखनऊ की चिकन वर्क कुर्तियां, कश्मीर की साड़ी, वाराणसी और कोलकाता की साड़ियां, भागलपुरी और तमिलनाडु के कॉटन ड्रेस मटेरियल, जूट बैग, शांति निकेतन



जींस बैग, और सहारनपुर के वुडन आइटम भी बिक्री के लिए रखे गए हैं। इस प्रदर्शनी में वस्तुओं पर विशेष छूट दी जा रही है, जिसमें हैंडलूम वस्तुओं पर 20% और हैंडीक्रॉफ्ट पर 10% की छूट उपलब्ध है। प्रदर्शनी में लगभग 1 लाख विविधताएं उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं।







40 वर्षों का हीरे
मोती सा भी अनमोल
आपका और हमारा
भरोसे का रिश्ता
शुभ धनतेरस
धनतेरस एवं दीपावली के पावन अवसर पर
खरीदारी के लिए आप सादर आमंत्रित हैं...
M™
MANUBHAI
JEWELLERS
स्वर्ण • डायमण्ड • जड़ाऊ • कुंदन जड़ित आभूषण
चांदी के गहने • गिफ्ट आर्टिकल्स का बेजोड़ संग्रह
100% BUY BACK GUARANTEE
IGI सर्टिफाइड डायमंड
100% हॉलमार्क ज्वैलरी
GIA
मनुभाई ज्वेलर्स
सदर बाजार, कोतवाली चौक, रायपुर
फोन : +91 79998 60895, +91 98271 65341
VALET PARKING AVAILABLE

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

# जिले में पटाखा बिक्री के लिए 480 अस्थाई लाइसेंस जारी, शहर में ही खुल गईं डेढ़ हजार से ज्यादा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार पर इस बार राजधानी रायपुर में प्रशासन से लाइसेंस जारी कराए बिना पटाखों की सैकड़ों दुकानें खुल चुकी हैं। इन दुकानों में अवैध रूप से पटाखों की बिक्री भी हो रही है, लेकिन इन दुकानों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन हर वर्ष दीपावली पर पटाखों की दुकानों पर निगरानी रखने और जांच करने के लिए टीम गठित करता है।

यह टीम अस्थाई रूप से पटाखा की दुकान लगाने वाले संचालकों का लाइसेंस, स्टॉक से लेकर विस्फोटक सामग्री बिक्री नियम के तहत सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच करती है, लेकिन इस बार प्रशासन द्वारा टीम का गठन ही नहीं किया गया है, जिसके कारण शहर में ही जारी किए गए अस्थाई लाइसेंस की तुलना में तीन गुना से ज्यादा दुकानें खुल गई हैं। रायपुर जिले में इस दीपावली पर वैध की जगह अवैध पटाखों की दुकाने ज्यादा दिखाई दे रही हैं। इसका कारण है, इस बार अस्थाई पटाखा बिक्री का लाइसेंस बहुत कम लोगों ने लिया है। जिलेभर में इस बार प्रशासन ने 480 लोगों को अस्थाई लाइसेंस जारी किया है। इनमें नवीनीकरण कराने के लिए 260 एवं नए लाइसेंस के लिए 220 लोगों ने आवेदन किए थे। इन सभी लोगों को लाइसेंस जारी किया गया है।

### थाना के आसपास खुल चुकी अवैध दुकानें

अवैध रूप से पटाखा का कारोबार करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है। यहीं कारण है कि कई पटाखा व्यवसायी थानों के आसपास ही दुकाने खोल लिए हैं।

### लाइसेंस 480 को खुल गई 1500 से ज्यादा दुकानें

प्रशासन द्वारा जिले में पटाखा बिक्री के लिए 480 लोगों को ही अस्थाई लाइसेंस जारी किया गया है, लेकिन रायपुर शहर में ही 15 सौ से ज्यादा दुकानें खुल गई हैं। रायपुर के साथ धरसींवा, आरंग, तिल्दा एवं अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में भी पटाखों की दर्जनों अस्थाई दुकानें बिना लाइसेंस जारी कराए खुली हुई हैं। इन दुकानों की भी जांच नहीं की जा रही है।

## पटाखों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने इस बार जांच टीम गठित नहीं



### आचार संहिता लागू फिर भी खुल गई अवैध दुकानें

*रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा पटाखों की अवैध दुकाने खुल गई हैं, जबकि उपचुनाव के कारण इस क्षेत्र में आचार संहिता लगी हुई है। आचार संहिता लगने के बाद इस क्षेत्र में खुलेआम पटाखों का अवैध कारोबार चल रहा है।*

### पुलिस करेगी कार्रवाई

*बिना लाइसेंस लिए पटाखा की दुकानों की जांच के लिए इस बार अलग से टीम नहीं बनाई गई है। नगर निगम और संबंधित थाना पुलिस इस पर कार्रवाई करेगी।*

*- देवेंद्र पटेल, एडीएम रायपुर*

### शिकायत मिलने पर कार्रवाई

*अस्थाई पटाखा दुकानों की जांच के लिए प्रशासन से कोई आदेश नहीं मिला है। अवैध कारोबार की शिकायत पर पुलिस हमेशा कार्रवाई करती है। अवैध पटाखा संबंधी शिकायत मिलने पर भी कार्रवाई करेंगे।*

*- संतोष सिंह, एसएसपी रायपुर*

# धनतेरस पर सजा बाजार, एक ही दिन में होगा आज चार हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धनतेरस पर मंगलवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में जमकर धनवर्षा होगी। सराफा बाजार में जहां 1500 करोड़ के कारोबार का अनुमान है, वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में 600 करोड़ के वाहन बिकेंगे। रीयल एस्टेट में 800 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर में 800 करोड़ का कारोबार होगा। इसके अलावा बर्तन, फर्नीचर, कपड़ा बाजार, मिठाई और गिफ्ट आइटम को मिलाकर 600 करोड़ का कारोबार संभावित है। सभी सेक्टरों को मिलाकर एक ही दिन में चार हजार करोड़ का कारोबार होगा।

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों के बाजार धनतेरस के लिए सज गए हैं। कारोबारियों में इस बार ज्यादा खुशी का माहौल है। धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र पर भी जमकर कारोबार हुआ है। इस बार पुष्य नक्षत्र पर प्रदेशभर में करीब दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने के कारण धनतेरस पर इससे डबल कारोबार का अनुमान है। कारोबारी मानकर चल रहे हैं कि इस बार हर सेक्टर में ज्यादा कारोबार होगा।



### सोने-चांदी की होगी जमकर खरीदारी

धनतेरस पर सबसे बड़ा कारोबार सराफा में होगा। अनुमान था कि धनतेरस से पहले सोना 80 हजार रुपए तक जा सकता है, लेकिन सोना इससे भी ज्यादा हो गया है। इस समय सोना 82 हजारी है। इसी के साथ चांदी की कीमत एक लाख के पार है। ऐसे में अच्छे कारोबार की संभावना है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक एक ही दिन में पूरे प्रदेश में 15 सौ करोड़ का कारोबार अनुमानित है। रायपुर सराफा कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी का कहना है, धनतेरस पर सोने से ज्यादा चांदी के सिक्के बिकते हैं।

### बिकेंगे 25 हजार वाहन

ऑटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बूम रहेगा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में एक ही दिन में करीब 25 हजार वाहनों के बिकने का अनुमान है। इसमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन की बिक्री होगी। चारपहिया वाहनों की बिक्री कम होती है। इसके अलावा ऑटो, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर और अन्य वाहन भी बिकते हैं। कुल मिलाकर 600 करोड़ के कारोबार का अनुमान है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक 20 हजार से ज्यादा बाइक और तीन हजार कारों के साथ अन्य वाहनों के बिकने का अनुमान है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मोबाइल भी बिकेंगे

इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी पूरी तरह से सज गया है। एसी, एलईडी, कंप्यूटर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स के साथ मोबाइल का भी जमकर कारोबार होगा। कई कंपनियों ने नए मॉडल लांच किए हैं। दोनों सेक्टरों को मिलाकर 800 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। पुष्य नक्षत्र पर ही चार सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। मालवीय रोड व्यापारी संघ के राजेश वासवानी के मुताबिक लक्ष्मी का कृपा रही तो कारोबार हजार करोड़ तक भी जा सकता है।

### रीयल एस्टेट में रहेगा बूम

रीयल एस्टेट में भी धनतेरस पर बूम रहेगा। राजधानी रायपुर में इस समय सबसे ज्यादा योजनाओं चल रही हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा कारोबार भी रायपुर में होगा। इसी के साथ भिलाई, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर सहित हर शहर में बिल्डर्स मकान बना रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस सेक्टर में मकान और प्लाट को मिलाकर 800 करोड़ का कारोबार होगा।

# नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य कैबिनेट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-29 के प्रारूप एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह नई औद्योगिक विकास नीति 1 नवम्बर से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2029 तक प्रभावशील रहेगी। नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। औद्योगिक नीति में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रावधान किए गए हैं। इस नीति से प्रदेश में औद्योगिक विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट ने नई औद्योगिक नीति में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में एमएसएमईडी एक्ट-2006 में सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों की परिभाषा में किए गए संशोधन को अपनाया गया है। राज्य में संतुलित विकास के लिए औद्योगिक विकास प्रोत्साहन प्रदान करने का विशेष प्रावधान किया गया है। नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के उद्दश्यों की पूर्ति के लिए राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना, विस्तारीकरण, विविधीकरण, प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्यो के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। राज्य के सभी क्षेत्रों में सर्वागींण औद्योगिक विकास के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी जिलों के विकासखण्डों को तीन श्रेणियों में विभाजित करके दिए जाने वाले औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की मात्रा का निर्धारण भी किया जाएगा।

**कोर सेक्टर, थ्रस्ट एवं सामान्य उद्योग में विभाजित:** नई औद्योगिक विकास नीति में कोर सेक्टर के उत्पादों जैसे स्टील, सीमेंट, ताप विद्युत एवं एल्यूमिनियम के लिए पृथक प्रावधान तथा राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर थ्रस्ट एवं सामान्य उद्योगों में विभाजित किया गया है। फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, कृषि उत्पाद संरक्षण, एनटीएफपी प्रसंस्करण इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, आईटी एवं आईटीईएस आदि के लिए आकर्षक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया गया है।




LAVISH LIFE
LUXURY FURNITURE & HOME DECOR
LAVISH LIFE
LUXURY FURNITURE & HOME DECOR
COMPLETE DISPLAY RANGE OF
IMPORTED & INDIAN FURNITURE
FESTIVAL DISCOUNT
UP TO 70%*
Luxury L shape sofa set
LAVISH LIFE
EXCHANGE OFFER
EXCHANGE OLD FURNITURE WITH NEW ONES.
GIVE YOUR HOME A NEW LOOK.
कही आप बाज़ार से डुप्लीकेट ओनेक्स मार्बल तो नहीं नहीं ख़रीद रहे हैं।
आइये हमारे शोरूम और चेक कीजिए
ओरिजिंनल ओनेक्स मार्बल आसान तरीक़े से
Customised furniture, Bedroom set , Wardrobe, Luxury Sofa Set ,
Modular kitchen , Dining Table Set, Centre Table and Complete Interior solution available
Marble Dining Table
luxury bedroom set
0%
EMI INTEREST
luxury L Sofa set
Premium Modular Kitchen
Onyx Marble Dining Table
luxury bedroom set
Center Table
Console
Dressing Table
Center Table
jhulla
टर्निंग पाईट चौक शंकर नगर की ओर
अवंतिबाई चौक लोधीपारा
मेन रोड पन्ड्री
LAVISH LIFE
50 मीटर की दूरी पर
Beside Mowa Bridge, Near Lodhipara Chowk, Main Road
Pandri, Raipur, Mo.: 6268432718 , 8746825528

# द्वार पर लगाएं तोरण खुशियों का करें स्वागत


साज-सज्जा/ विधि

घर के द्वार पर तोरण या बंदनवार लगाए बिना दीपावली की सजावट अधूरी लगती है। यह घर में शुभता-खुशियों को आमंत्रित करता है। आप भी अपनी पसंद के तोरण से घर को सजाना ना भूलिएगा।



दीपावली के अवसर पर घर को तरह-तरह से सजाया जाता है। इसमें घर के द्वार पर तोरण या बंदनवार लगाने की भी परंपरा है। मान्यताओं के अनुसार बंदनवार को मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए लगाया जाता है। यही कारण है, लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के लिए घर के मुख्य दरवाजे पर इसे बांधना शुभ माना गया है। तोरण लगाना पर्व की शुभता को बढ़ाता है।

**मिल रही हैं कई वैरायटीज:** घर के मुख्य द्वार पर गेंदे के फूलों या फिर आम के पत्तों के संग फूलों से बने तोरण बहुत सुंदर लगते हैं। वैसे आप आर्टिफिशल फूल, मोती, ओम या स्वास्तिक प्रतीकों, गणेशजी, सीप या क्रिस्टल जैसी अलग-अलग चीजों से बना तोरण और बंदनवार भी लगा सकती हैं। इन दिनों दीपावली की सजावट के सामानों से बाजार सज गए हैं। बाजार में परंपरागत बंदनवार के अलावा पॉम-पॉम, मोती और जरकन लगी बंदनवार खूब मिल रहे हैं। पॉम-पॉम बंदनवार की कीमत 300 से लेकर 900 रुपए तक है। परंपरागत बंदनवार की कीमत जहां 200-800 रुपए प्रति पीस है। वहीं मोती और जरकन लगी बंदनवार की कीमत 150 से 1200 रुपए तक है।



**मोतियों-घंटियों वाले तोरण:** मोतियों और घंटियों से सजे ये तोरण बेहद खूबसूरत दिखते हैं। बाजार में हल्की से भारी हर वैरायटी में ऐसे तोरण मिल जाएंगे। ऐसे तोरण में शीशे के टुकड़े भी लगे होते हैं, जिन पर दीयों की रोशनी पड़ने से ये और भी जगमगा उठते हैं।

**आम के पत्ते-गेंदे के फूल से बने तोरण:** पारंपरिक तोरण की बात करें तो इस तोरण को आम, अशोक के पत्ते और गेंदे के फूलों को मिलाकर तैयार किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि आम के पत्तों में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जिससे घर में खुशियां आती हैं और बीमारियां दूर रहती है। ये तोरण त्योहार पर शुभता के प्रतीक माने जाते हैं।

# घर-आंगन में सजाएं खूबसूरत रंगोली

सजावट / ललिता गोयल

दीपावली की सजावट में दीयों के साथ आंगन-द्वार पर सजी रंगोली से अलग ही रौनक दिखती है। यहां हम आपको बता रहे हैं, कुछ आसान-आकर्षक रंगोली डिजाइंस के बारे में।



दीपावली के अवसर पर रंगोली बनाना शुभ माना जाता है। यह घर-परिवार के लिए सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक भी मानी जाती है। वैसे रंगोली बनाना अपने आप में एक कला भी है, जिसमें रंगीन पावडर, चावल और फूलों की पंखुड़ियों का उपयोग करके फर्श पर अलग-अलग तरह के डिजाइन बनाए जाते हैं। लेकिन इसे बनाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। सबसे पहले जिस जगह पर रंगोली बना रही हैं, उस जगह को अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद चॉक से फ्लोर पर डिजाइन बनाएं और उस डिजाइन में रंग भरें। इससे रंगोली डिजाइन साफ-सुथरा और सुंदर नजर आएगा।

**रंग-बिरंगी फूलों वाली रंगोली:** अगर आप कम समय में बनने वाली कुछ आसान, लेकिन खूबसूरत रंगोली डिजाइन चाह रही हैं तो फूलों की रंगोली सबसे अच्छा विकल्प है। इस दीपावली फूलों का इस्तेमाल कर रंगोली बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप विभिन्न प्रकार के सूखे या ताजे फूलों की पंखुड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल कर सकती हैं। रोशनी से जगमगाते दीयों और फूलों के कॉम्बिनेशन से बनने वाली यह रंगोली बहुत खूबसूरत लगती है।

**लक्ष्मी मां के चरण वाली रंगोली:** अगर आप कुछ अलग लेकिन पारंपरिक-आध्यात्मिक भाव वाली रंगोली बनाना चाहती हैं तो लक्ष्मी मां के चरण चिन्ह वाली रंगोली बनाएं। वैसे भी रंगोली में लक्ष्मी मां के चरण पादुका बनाना दीपावली के मौके पर बहुत शुभ माना जाता है।



**स्टैंसिल से बनने वाली रंगोली:** अगर रंगोली बनाने में आप पारंगत नहीं है तो आजकल बाजार में रंगोली बनाने के लिए स्टैंसिल शीट भी मिलती हैं, जिन्हें कई बार यूज में लाया जा सकता है। स्वास्तिक और दीपक के अलावा अनेक तरह के डिजाइन वाली रंगोली की स्टैंसिल से रंगोली बहुत जल्दी और आसानी से बन जाती है।






कहानी

मेघा राठी

# सपनों के दीप

आशीष इस बात को शिद्दत से समझता था कि उसकी मां ने अपने परिवार के खातिर अपने सपने मार दिए, बस घरेलू महिला बनकर रह गईं। मां की कुछ ना बन पाने की टीस को आशीष ने करीब से देखा था। वह नहीं चाहता था, मां के साथ जो हुआ उसकी बेटियों के साथ हो। दिवाली की रात जलते दीपों की रोशनी में आशीष ने अपनी पत्नी के साथ जो संकल्प लिया, वह पूरे परिवार को रोशन करने वाला था।



मेरी सैंडिल नहीं मिल रही है, मेरे गुलाबी क्लिप भी गायब है... यहीं तो रखे थे मैंने...।' स्मिता जी गुस्से में कमरे का सामान इधर-उधर फेंकते हुए चिल्लाईं, 'जरूर काव्या आई होगी, उसी ने ली होगी हमारी सैंडिल और क्लिप।'

रेखा, जो स्मिता जी की देखभाल कर रही थी, उन्हें शांत करने का प्रयास करते हुए बोली, 'यहीं कहीं होंगे, मैं ढूंढ़ देती हूं। आप बस शांति से बैठ जाएं।'

रेखा, स्मिता जी की केयरटेकर थी, जिसे मंजू और आशीष ने उनकी देखभाल के लिए रखा था। मंजू-आशीष दोनों पति-पत्नी नौकरीपेशा हैं, उनकी एक बेटी पीहू कॉलेज में है, दूसरी काव्या अभी हाई स्कूल में है।

आशीष की मां हैं, स्मिता जी। वे डिमेंशिया से ग्रसित हैं, जिसमें व्यक्ति अपनी याद्दाश्त खोने लगता है। कई बार अपने अतीत में जीने लगता है। साठ की उम्र पर आकर, जब स्मिता जी ने अचानक किसी किशोरी की तरह व्यवहार करना शुरू किया, तो शुरुआत में मंजू को कुछ समझ में नहीं आया कि वे ऐसा क्यों कर रही हैं? बाद में उसने जब यह देखा कि स्मिता जी पोतियों से उनके सामान को लेने की जिद करती रहती हैं, तो उन्हें वह मनोचिकित्सक के पास ले गई। मनोचिकित्सक ने बताया कि डिमेंशिया के मरीज कभी-कभी ऐसा कुछ करने लगते हैं, उनके साथ बहुत धैर्य और समझदारी से पेश आना चाहिए। इसी कारण, बहुत सोच-समझकर और परखकर, उन्होंने रेखा को स्मिता जी की देखभाल के लिए रखा था।

रेखा बहुत प्यार से स्मिता जी का खयाल रखती थी, लेकिन इस वक्त वे बहुत नाराज थीं। रेखा उन्हें किसी भी तरह से मना नहीं पा रही थी। आशीष और मंजू थोड़ी देर पहले ही दिवाली की खरीदारी करके लौटे थे। स्मिता जी की आवाज सुनकर दोनों उनके कमरे में आ गए।

'क्या हो गया मां, इतना गुस्सा क्यों हो रहीं हैं आप?' आशीष ने बहुत प्यार से जानना चाहा था।

'ना होऊं तो क्या करूं? अभी कुछ दिन पहले तुमसे नई सैंडिल और क्लिप मंगवाई थी, तुम्हारी लाड़ली पीहू ले गई होगी जरूर!' स्मिता का चेहरा नाराजगी से भरा हुआ था। मंजू के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई।

'अभी तो आप काव्या का नाम ले रहीं थीं, अब पीहू का?' रेखा हंसते हुए बोली।

'हां तो, दोनों में से कोई भी ले सकता है। वैसे भी उनकी नजर उसी दिन से थी मेरी सैंडिल पर।' स्मिता जी ने शिकायत करते हुए कहा।

मंजू ने प्यार से बताया, 'मां, आपकी सैंडिल मैंने शू रैक में रख दी थी। रात को आप सोफे के पास रखकर सो गई थीं, और क्लिप आपने कल जबरदस्ती मेरी अलमारी में रखवाई थी ताकि पीहू ना ले ले। मैं अभी दोनों चीजें लेकर आती हूं।' मंजू यह कहकर अपने कमरे की ओर चली गई। आशीष ध्यान से अपनी मां को देख रहा था कि वे क्या से क्या हो गई हैं! इस समय उन्हें देखकर कौन कह सकता है कि वे कभी एक अनुशासित और सुघड़ गृहिणी थीं। उनका जीवन उनके पति और बेटे आशीष के इर्द-गिर्द ही घूमता था। आशीष को याद है, मां पढ़ाई में बहुत अच्छी थीं। डॉक्टर बनना चाहती थीं, लेकिन उनका विवाह जल्दी हो गया था। उनका सपना पूरा ना हो सका।

तभी स्मिता जी को कुछ याद आया। वे आशीष के पास आकर बैठ गईं, बोलीं, 'बाबू!' स्मिता अपने भाई को 'बाबू' ही कहा करती थीं। अब बीमारी के बाद वे आशीष को भी उसी नाम से बुलाने लगी थीं।


'हां, बोलिए।' आशीष उनके भ्रम को तोड़ना नहीं चाहता था, क्योंकि इस रूप में वे पहले से अधिक प्रसन्न दिखती हैं। 'बाबू, तुम बाबूजी से बोलो ना, मुझे अभी शादी नहीं करनी है। वह खुद ही तो कहते थे कि बिटिया को डॉक्टर बनाएंगे, लेकिन अब...?' स्मिताजी की आंखें भर आईं। आशीष की आंखों में भी नमी-सी आ गई। उसका मन अतीत के उन पलों में खो गया, जब उसकी मां ने अपनी सारी इच्छाओं का त्याग सिर्फ इसलिए कर दिया था ताकि वे अपने परिवार की जिम्मेदारी अच्छे से निभा सकें। उसकी मां की सारी जिंदगी परिवार की सेवा में बीत गई थी। अब बीमारी के इस दौर में, वे अपने उन अधूरे सपनों की दुनिया में वापस लौट आई थीं।

तभी बाहर पटाखों का शोर होने लगा। स्मिता जी ने रेखा से कहा, 'जाकर फुलझड़ी लेकर आओ, मैं बाहर आ रही हूं।' वे आशीष का हाथ पकड़कर धीरे-धीरे घर के बाहर आ गईं। पीहू और काव्या ने एक फुलझड़ी जलाकर स्मिता जी के हाथ में पकड़ा दी। बिजली की झालरों और दीयों की रोशनी में आशीष अपनी मां के साथ अपनी बेटियों के खिले हुए चेहरे देख रहा था। उन पलों में उसे लगा, उसकी मां के सपनों के दीप अभी भी टिमटिमा रहे हैं। आशीष ने मन ही मन ठाना, वह अपनी बेटियों के सपनों को हर संभव पूरा करेगा। मंजू भी आशीष के इस संकल्प को मन ही मन समझ रही थी। उसने आशीष के पास आकर कहा, 'सुनो, आज भाभी का फोन आया था। उनके भाई के बेटे को हमारी पीहू बहुत पसंद है, उनका कहना है कि वे शादी के बाद भी उसकी पढ़ाई जारी रखेंगे। आप क्या सोचते हैं? बात बढ़ाकर देखें?'

आशीष ने दृढ़ता से तुरंत जवाब दिया, 'तुम उनको मना कर दो। पीहू अभी पढ़ाई कर रही है। वैसे भी हमने ही उसकी आंखों में सपने भरे हैं, उन्हें पूरा करने का अवसर भी हमें ही देना चाहिए।'

मंजू की नजर पीहू पर गई, वह दिवाली के दीयों की रोशनी में खिलखिलाती हुई अपने भविष्य के सुंदर सपनों के पूरा होने की आशा से लबरेज दिखी। मंजू ने आशीष को गर्व और आश्वस्ति से भरी मुस्कान दी और उसका हाथ थाम लिया। आकाश में रंग-बिरंगी आतिशबाजियों की रोशनी दमक रही थी। आशीष के मन में संतोष का दीप जल रहा था। उसने मन ही मन संकल्प लिया, वह अपनी मां की तरह अपने बेटी के सपने मरने नहीं देगा।


स्मिता जी की बीमारी के कारण उनका मन कभी अतीत में जाता, तो कभी वर्तमान में लौट आता, लेकिन इस दिवाली की रात, घर में सबके मन में सपनों के दीप जल रहे थे। आशीष सोच रहा था कि मां की तरह, वह भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए वही त्याग कर सकेगा, जो उनकी मां ने उनके लिए किया था। उसकी मां के त्याग और सपनों के दीप ने आज आशीष को यह समझाया था कि सही मायनों में दिवाली केवल रोशनी का त्योहार नहीं है, बल्कि यह उन सपनों का भी पर्व है, जिन्हें हम अपने परिवार के लिए देखते हैं।








धनतेरस एवं दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Shukla
SINCE 1974
Hotel & Sweets
50 वर्षो से आपकी
विश्वास पे खरा
बिरगांव नगर निगम के अंतर्गत सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय मिठाई दुकान
मीठा खाईये... मीठा बोलिये...
वीनू पेट्रोल पंप के पास, बिलासपुर रोड, बिरगांव, रायपुर (छ.ग.)


धनतेरस की हार्दिक शुभकामनायें
शुभ आभूषण
आपके हर
शुभ अवसर के लिए
Diamond
Gold
Silver
Antique
Jadau
धनतेरस एवं दीपावली की शुभ खरीदी हेतु आप सादर आमंत्रित है...
ज्वेलर्स
अनोपचंद भंसाली
SINCE 1945
Sadar Bazaar, Ph.: 0771-2555535
SAMRIDDHI
JEWELLERS
Add Sparkle to your life
समृद्धि ज्वेलर्स
Sadar Bazar, Ph.: 0771-2555400
ATUL PUBLICITY
संबंधित प्रतिष्ठान
मनोहरमल एंड कं.
सदर बाजार
अनूप डायमंड्स
सदर बाजार
मनोहरमल ज्वेलर्स
हलवाई लाईन
श्री भंसाली ज्वेलर्स
भाटागांव
VALET PARKING AVAILABLE



धनतेरस एवं दीपावली की
हार्दिक शुभकामनायें
पारंपरिक आभूषण
के साथ-साथ
100% शुद्धता
का विश्वास
शुद्ध
स्वर्ण एवं रजत
सिक्के उपलब्ध
डायमंड एवं स्वर्ण आभूषण
चाँदी के गिफ्ट ऑर्टिकल्स
ATUL PUBLICITY
ज्वेलर्स
अशोक ब्रदर्स
मस्ज़िद के सामने, हलवाई लाइन,
रायपुर फोन : 9907895000, 9425214176
अशोक ज्वेलर्स
मेन रोड, गोगांव, गुढ़ियारी, रायपुर
मोबाइल : 9806710330

सलाह

शिखर चंद जैन

# ये दीये भी जलाएं जिंदगी होगी रोशन

दीपावली पर हम अपने घरों को दीपक से सजाते हैं। घर के कोने-कोने में दीपक रखकर पूरे घर को रोशनी से भर देते हैं। आप जरूर अपने घर को दीपों से प्रज्ज्वलित कीजिए, लेकिन इसी के साथ अपने भीतर चेतना के वे दीप भी जलाइए, जो शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रखें, जीवन को आलोकित करें, सुख-समृद्धि लाएं।



दीपावली पर हम धन-समृद्धि की देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करके उनका आगमन सुनिश्चित करने के लिए घर की साफ-सफाई और साज-सज्जा करते हैं। साथ ही इस पर्व पर हम खूब सारे दीपक भी जलाते हैं ताकि घर का कोना-कोना प्रकाशमान हो। क्या आपने सोचा है, समृद्धि और अर्थ से जुड़े इस पर्व पर जीवन को प्रकाशित और सुवासित करने के लिए भी कुछ दीप जलाने जरूरी हैं? जी हां, यह बहुत जरूरी है और ये दीप कौन से हैं, जानिए-

**सेहत का दीप:** 'एक तंदुरुस्ती हजार नियामत', यह लोकोक्ति तो आपने सुनी ही होगी। अब बारी है



इस पर अमल करने की। सबसे पहले तो प्रण कीजिए कि प्रोसेस्ड फूड, बाजार का बना अत्यधिक तेल-घी, मसाले वाला और अनहाइजीनिक भोजन नहीं खाएंगे। शुद्ध और सहज पचने वाला भोजन करेंगे। फल-सब्जियां, दूध-दही, दालें, मेवे, मोटे अनाज आदि अपनी डाइट में अवश्य शामिल करेंगी। प्रकृति के सान्निध्य में रहेंगी और नियमित एक्सरसाइज या फिजिकल मूवमेंट्स करेंगी। इस तरह आप सेहत का दीप जलाकर रखेंगी तो आप अपना जगमगाता स्वस्थ जीवन जिएंगी।

**सुकून का दीप**

आधुनिक जीवनशैली में सबसे ज्यादा मुश्किल है, अकेले खुद के साथ थोड़ा वक्त बिताना। इसलिए मनोरंजन के नाम पर मानसिक दबाव देने वाले सोशल मीडिया से दूरी रखें। इससे पूरी तरह दूर नहीं भी रह सकें तो बीच-बीच में डिजिटल उपवास जरूर करें। हर दिन कम से कम 15 से 20 मिनट कमरे में अकेले बैठें और चिंतन करें। ईश वंदना, प्रार्थना, ध्यान और प्राणायाम करें। यह करने से आपके भीतर अपने आप सुकून के दीप जगमगा उठेंगे।

**सामाजिक जुड़ाव का दीप:** दुनिया भर में हुए कई अनुसंधानों में समय-समय पर बताया गया है कि सामाजिक जुड़ाव, लोगों के साथ बैठना, बातचीत करना, आपके दिल और दिमाग में खुशी के दीपक प्रज्ज्वलित करते हैं। सोशल कनेक्शन से स्ट्रेस, एंजायटी, डिप्रेशन से राहत मिलती है। गंभीर बीमारियों में भी सामाजिक जुड़ाव वाले लोग जल्दी ठीक हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है, शरीर में तमाम फील गुड हार्मोंस रिलीज होते हैं। इसलिए अपने भीतर सामाजिक दीप जरूर जलाकर रखें।

**दोस्ती का दीप:** जिनके मित्र होते हैं, उनका जीवन दीपक की भांति रोशन रहता है। मित्रविहीन लोगों के एकाकी जीवन में उदासी का अंधेरा छाया रहता है। दुनिया के कई मनोवैज्ञानिकों और समाजशास्त्रियों ने अपने विभिन्न शोधों में पाया है कि दोस्तों का साथ दीर्घायु बनाता है। दोस्तों से घिरे लोग डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी मानसिक बीमारियों से दूर रहते हैं। इस तरह दोस्ती का दीप हमें मानसिक बीमारियों से दूर रखकर खुशियों से भरता है। प्रसिद्ध विज्ञान पत्रिका 'द लैंसेट' में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि सपोर्ट ग्रुप के साथ रहने वाले लोगों में कैंसर का प्रभाव कम होता है। रेडबोड यूनिवर्सिटी निजमेगेन (नीदरलैंड्स) में साइकोलॉजी के प्रोफेसर मेरियन रिकसन वॉलरेवन के अनुसार, 'दोस्त रिजेक्शन के शॉक से भी उबारते हैं।' जाहिर है यह दोस्ती का दीपक आपके जीवन को रोशन रखता है।

**अर्थ का दीप:** आज के अर्थ प्रधान युग में सारा खेल पैसे का है। अच्छे खान-पान, सही सेहत, दैनिक



जरूरतों और सुविधाओं के लिए आपके पास पैसा रहना बहुत जरूरी है। आपको अपने कारोबार, जॉब या पैसे के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहना चाहिए और पूरी निष्ठा से ना सिर्फ अपने जीविकोपार्जन बल्कि सुखद भविष्य के लिए सचेत रहना चाहिए। इसके लिए निरंतर अच्छे, गुणी और सकारात्मक लोगों के संपर्क में रहना चाहिए। साथ ही नई स्किल सीखनी चाहिए और अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। तकनीक, मार्केट ट्रेंड और आर्थिक पहलुओं की जानकारी रखनी चाहिए ताकि आप कभी आर्थिक अभाव के अंधेरे से ना घिरें, आपके जीवन में अर्थ का प्रकाश सदैव ही बना रहे।

## अपने अंतर्मन का दीप भी रखें प्रज्ज्वलित

**हम प्रकृति** की अनमोल कृति हैं। ईश्वर ने हम सबको कुछ अद्भुत विशेषताएं और गुण दिए हैं। आवश्यकता है इन्हें पहचानने की, इनके प्रकाश में रहने की। महान दार्शनिक प्लेटो ने कहा है, 'हम जो सोना-चांदी बाहर ढूंढ़ते रहते हैं, वह हमारे भीतर ही है। व्यक्ति को संयमी और साहसी होना चाहिए। इस संसार में जो लोग ज्ञान और सद्गुण को नहीं पहचानते, वे सदैव बेमतलब की चीजों में व्यस्त रहते हैं। नतीजतन वे कभी भी वास्तविक जीवन में प्रवेश नहीं कर पाते और जीवन के लक्ष्यों से दूर हो जाते हैं।'









ADMISSIONS OPEN 2025-26
Nursery to Grade 9th & 11th

Day Boarding cum Residential
School for Boys & Girls


SHUBH DHANTERAS
Wishing you a happy learning.

discover yourself
Brahmavid
THE GLOBAL SCHOOL
An Integrated approach to learning

Towards Mahadev Ghat, Bhatagaon, Raipur contact@brahmavid.com www.brahmavid.com

For Admissions Call: 7047474747, 7047111111, 7047222222

MAHESHWARI


Pratham®
Pursuing Perfection
BIS Hallmarked Silver Jewellery & Articles
Bring home prosperity this Dhanteras with
Pratham Silvers' exquisite silver collection!
HAPPY
Dhanteras
PRATHAM SILVER
Opposite Shree Shivam, Main
Road, Pandri, Raipur (C.G.)
91655-23456
91653-23456


SR
SHREE RADHE
GEMS & JEWELLERY
Experience the Brilliance of a Real Gem
इस धनतेरस आइये और चुनिए अपने भाग्यशाली रत्न और आभूषण
जो आपके जीवन में सुख समृद्धि और सौभाग्य लाए
भव्य शुभारंभ
नयी साज सज्जा के साथ पुनः आपकी सेवा में...
मुख्य अतिथि
श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
मान. सांसद, रायपुर लोकसभा
हीरा
eksrh
मूंगा
गोमेद
नीलम
लहसुनिया
पुखराज
पन्ना
माणिक्य
राशि रत्न उपलब्ध
10000/-*
से ऊपर की खरीदी पर पायें निश्चित उपहार
सोने और चांदी के सिक्के उपलब्ध
स्वागोत्सुक: राधेश्याम अग्रवाल, अंजना देवी अग्रवाल
बुढ़ातालाब ढाल, सदर बाजार, एसबीआई एटीएम के सामने, रायपुर (छ.ग.) | 8982399701

दीपावली जैसे पर्वों के पूजा विधान और रीति-रिवाज हमें अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़े रखते हैं। हमें इसकी विरासत नई पीढ़ी को भी सौंपनी चाहिए, इसके लिए बच्चों को उनकी नन्ही उम्र में अपनी परंपरा-संस्कृति से परिचित कराना होगा। हम छोटे-छोटे प्रयासों से बच्चों में अपनी परंपरा-संस्कृति के प्रति अनुराग पैदा कर सकते हैं।

# त्योहारों पर बच्चों को परंपरागत जीवन से जोड़ें

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चे अपनी परंपरागत जीवनशैली से दूर हो रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों की कोशिशें ही बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम कर सकती हैं। खान-पान, पहनावा, घर की साज-सज्जा और मेल-मिलाप से जुड़ी छोटी-छोटी बातें और बदलाव, बच्चों को अपनी परंपराओं से जोड़े रखने का पुल बना सकती हैं। इसलिए दीपावली पर्व की उत्सवीय रौनक में बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए सदा से चले आ रहे अनौपचारिक अपनेपन की उजास से भी मिलवाएं।



**असली सामाजिकता का परिवेश:** दस्तक दे रही उत्सवों की यह पूरी श्रृंखला केवल सेलिब्रेशन नहीं है। रिश्तों को जोड़ने वाली कड़ियां भी हैं। आस-पड़ोस के लोगों को करीब लाने और मेलजोल बढ़ाने का माध्यम हैं। इसलिए घर तक सिमटने के बजाय बच्चों को आस-पड़ोस में ले जाएं। उन्हें सगे-संबंधियों से मिलवाएं। परिचित लोगों को अपने घर पर बुलाएं। त्योहार की खुशियां मिलकर मनाएं। साझे रंगों को जिएं।

**परंपरागत पहनावे को बढ़ावा:** भारत में त्योहारों पर परंपरागत परिधान पहनने की रीति रही है। यह रिवाज हमारे सांस्कृतिक रंगों को भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे ले जाने वाला है। आज के बच्चे ऐसे कपड़े पहनने में जरा कम रुचि लेते हैं। जरूरी है कि अभिभावक बच्चों को जीवन के इस परंपरागत रंग-ढंग से मिलवाएं। देश के जिस हिस्से में भी बसे हों, बच्चों को वहां के ट्रेडिशनल कपड़े पहनने को कहें। ध्यान रहे कि यह सिर्फ ट्रेडिशनल स्टाइल भर का मामला नहीं है। इससे क्षेत्र विशेष के परिधान पहनने वाले बच्चे उन कपड़ों को बनाने वालों की कारीगरी को समझ पाते हैं। उन विशेष तरह के परिधानों का नाम जान पाते हैं, जो किसी प्रांत में पहने जाते हैं। ऐसे परिधानों को किसी जमाने में पहने जाने वाले कपड़े भर समझने के बजाय उनके डिजाइन और बनाने में लगने वाली मेहनत को समझते हैं। इन कपड़ों को हर समय नहीं पहना जा सकता, इसलिए पर्व-उत्सव इन परिधानों को धारण करने का सही अवसर होते हैं। अभिभावक, त्योहारों के अवसर पर बच्चों के लिए शुरू से ही परंपरागत पहनावे को चुनें। बड़े होने पर बच्चे स्वयं रुचि लेकर ना केवल इन्हें पहनेंगे बल्कि इनका सांस्कृतिक महत्व भी समझ पाएंगे।



**देशी व्यंजनों का स्वाद:** परंपरागत व्यंजनों के मामले में हमारा देश, दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से है। हर राज्य का खान-पान अलग होता है। मीठा हो या नमकीन, हमारे देशी व्यंजन स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं। आजकल अनहेल्दी स्नैक्स, ठंडे पेय और चॉकलेट के शौकीन बच्चे हमारे देशी व्यंजनों का स्वाद ही भूल रहे हैं। नई पीढ़ी के बहुत से बच्चे अपने पारंपरिक पेय-पदार्थों और मिठाइयों के बारे में जानते तक नहीं हैं। जबकि पूरी दुनिया में पसंद की जाने वाली हमारी पारंपरिक मिठाइयां और स्नैक्स भारतीय विरासत का अहम हिस्सा हैं। खान-पान का यह ज्ञान हमें अपने बड़ों से मिला है। ऐसे में अभिभावक त्योहारों के समय बच्चों को इन परंपरागत मिठाइयों और स्नैक्स को खाने को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

**रीति-रिवाज से परिचय:** यह अभिभावकों के ही हाथ में है कि बालमन हमारी परंपराओं को बोझ नहीं बल्कि जीवन के उल्लासित रंगों के रूप में देखें। इसके लिए बच्चों का अपने रीति-रिवाज से परिचय आवश्यक है। एक अध्ययन के अनुसार 95 फीसदी अभिभावक यह मानते भी हैं कि त्योहार बच्चों को परंपराओं और संस्कृति के बारे में जानकारी देने का काम करते हैं। रंग-बिरंगी संस्कृति को समझने का सहज माध्यम हैं। बावजूद इसके नई पीढ़ी अपनी जड़ों से कम ही जुड़ पा रही है। जबकि भारत में देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग पर्व तो मनाते ही हैं, किसी एक पर्व को मनाने के रीति-रिवाज भी देश के हर कोने में विशेष तरह के होते हैं। कई पर्वों पर पौराणिक कथाएं कही जाती हैं। अभिभावक अपने परिवार की रीति के अनुसार पर्व मनाने की जानकारी बच्चों को दें। बहुत सी पौराणिक कथाएं सुंदर संदेश लिए होती हैं। इन्हें आज के संदर्भ में नई पीढ़ी को समझाने का प्रयास करें।

